26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 29 अगस्त, 2026

अंक- 305 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## उज़्बेकिस्तान और किर्गिज़ की यात्रा से मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारी मज़बूत होंगी-मोदी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उज़्बेकिस्तान तथा किर्गिज़ गणराज्य की उनकी यात्रा से मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारी मज़बूत होंगी और शांति, स्थिरता तथा समृद्धि के साझा प्रयासों को बल मिलेगा।



श्री मोदी ने दोनों देशों की चार दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले आज एक वक्तव्य में कहा कि वह राष्ट्रपति शावकत मिर्ज़ियोयेव के निमंत्रण पर 29 और 30 अगस्त को राजकीय यात्रा के लिए ताशकंद में रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेव के साथ द्विपक्षीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, 'हाल के वर्षों में भारत-उज़्बेकिस्तान रणनीतिक साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मैं राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेव के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा, ऊर्जा में हमारे सहयोग को और गहरा करने तथा विकसित भारत और यांगि उज़्बेकिस्तान के हमारे साझा दृष्टिकोणों को आगे बढ़ाने पर अपनी चर्चाओं को लेकर उत्सुक हूँ।' प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज़ में शास्त्री स्मारक और महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करेंगे, जो दोनों देशों को जोड़ने वाले घनिष्ठ सांस्कृतिक और जन-से-जन संबंधों के प्रति एक श्रद्धांजलि है। श्री मोदी ने कहा कि ताशकंद से वह किर्गिज़ गणराज्य के राष्ट्रपति सादिर झापारोव के निमंत्रण पर 26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बिश्केक की यात्रा करेंगे जो इस महत्वपूर्ण संगठन के 25 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। भारत 2017 से एससीओ का सक्रिय और रचनात्मक सदस्य रहा है।

## दिल्ली में सीएनजी के दाम 3.89 रुपये बढ़े

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने शनिवार से इसके दाम 3.89 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दिये हैं। आईजीएल की वेबसाइट के अनुसार, आज से दिल्ली में सीएनजी 86.98 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। पहले इसकी कीमत 83.09 रुपये थी। इससे पहले आखिरी बार सीएनजी की कीमत इस साल 26 मई को दो रुपये बढ़ाई गयी थी। मई में चार बार में सीएनजी की कीमत छह रुपये बढ़ी थी। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी आज से 95.59 रुपये का हो गया है।

## भूस्खलन से बनी 2 झीलों से नेपाल में खतरा बरकरार

**काठमांडू( एजेंसी/चिंगारी )।** नेपाल में बुधवार को आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बाद खतरा अभी टला नहीं है। नेपाल-चीन सीमा के पास भूस्खलन से दो नई झीलें बन गई हैं। इनमें से एक झील से लगातार पानी रिस रहा है, जबकि दूसरी का आकार बढ़ता जा रहा है। इससे आसपास के इलाकों में दोबारा बाढ़ या भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। इसी इलाके में बुधवार को अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। तेज बहाव अपने साथ कीचड़, रेत, बजरी और बड़ी चट्टानें लेकर नीचे के इलाकों में पहुंचा था। नेपाल और तिब्बत में इस आपदा से अब तक 633 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 2,500 लोग लापता हैं। इनमें 320 भारतीय भी शामिल हैं। वहीं, करीब 400 भारतीय अभी तिब्बत में फंसे हुए हैं।



### एक से लगातार पानी रिस रहा; लापता लोगों का आंकड़ा 2500 हुआ, इनमें 320 भारतीय

नेपाल में भीषण बाढ़ के बाद हालात अब भी गंभीर हैं। इ के मुताबिक, हजारों परिवारों को भोजन और पीने के साफ पानी की जरूरत है। राहत-बचाव के लिए कई देशों और अंतराष्ट्रीय एजेंसियों ने मदद बढ़ाई है। यूरोपीय संघ, कनाडा और अमेरिका ने नेपाल को राहत सामग्री और आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the
Given Number 9412201377
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

BANSAL JEWELLERS
विश्वास की परंपरा, शुद्धता का वादा
मुख्य विशेषताएँ
100% हॉलमार्क सर्टिफाइड
केवल HUID हॉलमार्क वाले शुद्ध सोने के आभूषण।
ऑर्डर पर निर्माण
आपकी पसंद के अनुसार बेहतरीन कारीगरों द्वारा कस्टमाइज्ड ज्वेलरी।
सबसे कम दाम की गारंटी
हम गारंटी के साथ आपको पूरी मार्केट से सस्ता और बढ़िया ब्रांडेड माल देंगे।
पारदर्शिता की गारंटी
आपको माल की जो क्वालिटी बताई जाएगी, वही बैठेगी।
लेटेस्ट डिज़ाइन्स
एंटीक, मॉडर्न, लाइटवेट।
गोल्ड टेस्टिंग मशीन उपलब्ध है।
निकट एच.डी.एफ.सी बैंक, धनौरा रोड चाँदपुर (बिजनौर)
M. 9870630930, 9410237050
चांदी का सभी सामान होलसेल रेट पर उपलब्ध है।



खुशखबरी खुशखबरी
10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!
कोर्सस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम
BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE
छात्रों के लिए विशेष लाभ:
संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।
जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।
Call / WhatsApp: 98374 58181, 94569 51520
Address: ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

# रक्षाबंधन पर खूब बिकी मिठाई रोडवेज की बस नहीं मिल पाई



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की और भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। घरों एवं मंदिरों में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। बाजारों में राखियों, मिठाईयों एवं फलों की दुकानों पर काफी भीड़ रही। इस मौके पर यात्री बसों में भारी भीड़ के साथ-साथ अपने निजी दो पहिया व चार पहिया वाहनों से भी बहन-भाइयों का एक-दूसरे के यहां काफी आवागमन रहा। उधर, रक्षाबंधन पर तमाम महिलाएं अपने भाइयों के यहां जाने के लिए कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड पर नि:शुल्क बस यात्रा का लाभ उठाने हेतु यूपी रोडवेज बसों का इंतजार करती रही, मगर यात्रियों से खचाखच भरी प्राइवेट बसें तो आती-जाती रहीं, लेकिन यूपी रोडवेज की शायद ही कोई बस कासमपुर गढ़ी बसस्टैंड से होकर नहीं गुजरी, सब फोरलेन बाईपास से होकर गुजरती रहीं, जिसके बाद थकहार कर महिलाओं को किराया खर्च करके प्राइवेट बसों में ही सफर करना पड़ा।

### बाजारों, चौराहों पर रही भारी भीड़

रक्षाबंधन पर बाजारों में राखियों, उपहारों, फलों व मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली। चारों तरफ रक्षाबंधन को लेकर रौनक भरा माहौल रहा। बस अड्डों पर महिलाओं एवं उनके साथ मौजूद सहयात्रियों की भारी भीड़ रही। यातायात एवं शांति व कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रही।

# शोभा रानी ने भाजपाइयों को राखी बांधी



**नहटौर ( चिंगारी )।** विधायक कैंप कार्यालय पर रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम मनाया गया। विधायक ओम कुमार की पत्नी श्रीमती शोभा रानी ने भाजपाइयों को राखी बांधी। वहीं विधायक ओम कुमार ने क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। रक्षाबंधन के पावन पर्व के शुभ अवसर पर ओम सेवा सदन पर भारतीय जनता पार्टी हल्दौर मंडल के कार्यकताओं एवं सम्मानित पदाधिकारियों का स्नेहपूर्ण आगमन हुआ। इस आत्मीय अवसर पर अतुल मारवाड़ी, दर्पण रावल , पीयूष चौहान, उमेश चौहान को ओम कुमार की पत्नी शोभा रानी जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने राखी बांधी। इस मौके पर उन्होंने कहा रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास, सम्मान, सुरक्षा और आजीवन साथ निभाने के पवित्र संकल्प का प्रतीक है। सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# संस्कार भारती के तत्वावधान में हुई राखी बनाओ प्रतियोगिता





**बिजनौर ( चिंगारी )।** संस्कार भारती, बिजनौर के तत्वावधान में श्री ओम शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज, शाहपुर खेड़ी, बिजनौर में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्कार भारती बिजनौर के संरक्षक लालबहादुर शास्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में वंशिका, प्रियांशी, रीतिका, शाइना, अलशिफा, मंतशा, अलफिजा, इलेश चौहान, कावेन्द्र, अर्जुन, कृष्णा, अंकित एवं चंद्रजीत सहित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए आकर्षक राखियां तैयार कीं। कार्यक्रम में अध्यापक सादिका मंसूरी, खुशबू चौधरी, अंजलि चौधरी, कशिश चौहान, चारू त्यागी, दर्शिका चौहान, हिमांशी चौहान, वंशिका त्यागी, योगेन्द्र प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र चौहान एवं अवनीश कुमार का सहयोग रहा। साहित्य विधा संयोजिका रचना शास्त्री ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं पर्व-परंपराओं के प्रति रुचि और सम्मान की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया।

# दुखद : राखी बांधने जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत

**नगीना ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन पर अपने पुत्र के साथ बाइक से भाई को राखी बांधने जा रही महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। बिजनौर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गांव बुढ़ावाला निवासी इमरती देवी (67 वर्ष) पत्नी मुकुंदी सिंह शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे अपने बेटे चमन के साथ बाइक से कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव गौसपुर में अपने भाई को राखी बांधने जा रही थी। कृषि अनुसंधान केंद्र के पास जीतपुर गांव के मंदिर के सामने पहुंचने पर बाइक अनियंत्रित होकर पर गिर गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल इमरती देवी को एंबुलेंस से सीएचसी नगीना लाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बिजनौर के लिए रैफर कर दिया। बिजनौर अस्पताल पहुंचने के बाद महिला की मौत हो गई।





बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911


# शॉर्ट सर्किट से धू-धू कर जली बाइक

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन पर पत्नी व बच्चों को लेकर ससुराल जा रहे व्यक्ति की चलती बाइक में ससुराल के निकट पहुंचने पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। उसने तुरंत बाइक को रोककर पत्नी व बच्चों को नीचे उतारा। बाइक जलकर राख हो गई। शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे बब्लू सैनी पुत्र राजेन्द्र सैनी निवासी ग्राम टांडा माईदास थाना नगीना देहात, नांगल क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में अपनी ससुराल में पत्नी व बच्चों के साथ रक्षाबंधन के पर्व पर जा रहा था। जब उसकी बाइक संख्या यूपी 20 बीबी- 7607 ग्राम दहीरपुर तथा कोटसराय के मध्य स्थित आम के बाग के सामने पहुंची, तो चलती बाइक में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। बाइक में आग लगने का पता लगते ही उसने तुरंत बाइक रोककर पत्नी व बच्चों को नीचे उतारा। राहगीरों व ग्रामीणों की मदद से जब तक आग को बुझाया गया, तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। किसी ने अफ़वाह फैला दी कि बाइक स्टार्ट न होने पर उसने स्वयं ही बाइक में आग लगाई है। यह भी सुना गया कि पत्नी से हुए विवाद के बाद उसने आग लगाई। सूचना पर पुलिस भी गांव में पहुंची। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि बब्लू सैनी ने पुलिस को बताया है कि उसकी चलती बाइक में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। वह बाइक बंद होने पर प्लग निकालकर डायरेक्ट बाइक चलाने की कोशिश कर रहा था, इसी प्रयास में बाइक में आग लग गई।



# युवक ने बुरी नीयत से पकड़कर हाथ छेड़छाड़ की युवती के साथ

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक भाई ने घर के बाहर खड़ी अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ व बुरी नीयत से हाथ पकड़ने का आरोप लगाते हुए एक युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली अफजलगढ़ के प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना-पत्र में क्षेत्र के ग्राम दल्लीवाला निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि गुरुवार की प्रात: 11:30 बजे उसकी 23 वर्षीय बहन घर के बाहर खड़ी थी कि क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी निवासी वाजिद पुत्र जमीर ने उसके साथ छेड़छाड़ की और बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया, जिसका विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर आरोपी वाजिद के विरुद्ध बीएनएस की धारा 74, 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# मवेशियों पर बनाई गईं नकली आंखें

## शेरों और तेंदुओं से बचाव का अनोखा प्रयोग



कुछ अलग

अफ्रीकी देश बोत्सवाना में पशुधन को शेरों और तेंदुओं जैसे शिकारी जानवरों से बचाने के लिए एक अनोखा प्रयोग सामने आया है। किसानों ने कुछ गायों के पिछले हिस्से पर बड़ी-बड़ी नकली आंखें पेंट कीं। इसका उद्देश्य शिकारियों को यह भ्रम देना था कि मवेशियों ने उन्हें देख लिया है। प्रयोग के दौरान 683 चिन्हित गायों पर यह तरीका अपनाया गया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, नकली आंखों के कारण शेरों और तेंदुओं के मवेशियों पर हमला करने की संभावना कम दिखाई दी। यह सरल और कम लागत वाला उपाय पशुधन की सुरक्षा के साथ-साथ मनुष्य और वन्यजीवों के बीच संघर्ष कम करने की दिशा में भी उपयोगी माना जा सकता है। बिजनौर जिले में बढ़ती हुई तेंदुओं की आबादी और उनके दुधारू पशुओं पर होने वाले हमलों के मद्देनजर यह प्रयोग काफी मददगार साबित हो सकता है। मानवों के लिए इसी तरह का प्रयोग जिसमें सिर के पीछे मानव मुखौटा लगाया जाता है, काफी सफल माना जाता है। यह प्रयोग इस बात का रोचक उदाहरण है कि प्रकृति में मौजूद व्यवहार और वैज्ञानिक सोच का उपयोग करते हुए बिना नुकसान पहुंचाए वन्यजीवों से बचाव के नये तरीके विकसित किए जा सकते हैं।

**प्रस्तुतिः सुधीर अग्रवाल, बिजनौर**



★5999 रुपये के डाउन पेमेंट पर कोई भी स्कूटर अपने घर ले जायें।
★5000 तक के बेनिफिट
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## जेन ज़ी ने बदला विमर्श

जेन-जी व जेन-अल्फा को यह श्रेय है कि उनकी बदौलत देश का राजनीतिक व सामाजिक विमर्श बदल गया है। इसी के चलते जहां सत्तारुढ़ भाजपा बहुत हद तक बैकफुट पर आ गई है, वहां दूसरी ओर विपक्ष विशेष रूप से कांग्रेस को फ्रंटफुट पर खेलने का अवसर मिला है। इस कारण राहुल गांधी की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और साथ ही राहुल गांधी और उनकी पार्टी कांग्रेस का आत्मविश्वास भी। कांग्रेस ने जेन जी को केंद्र में रखकर अपनी रणनीति तैयार की है और उसके देशव्यापी कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' की गूंज मीडिया व जनता में व्यापक रूप से सुनाई दे रही है। राहुल गांधी ने हाल ही में पुणे में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए मनुस्मृति का संदर्भ दिया जिसके अनुसार बचपन में महिलाओं को माता-पिता के आधीन, विवाह होने पर पति के आधीन तथा वृद्ध हो जाने पर पुत्रों के आधीन रहना चाहिए। राहुल गांधी ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि महिलाओं और लड़कियों को बुजुर्गों का सम्मान करने के बावजूद 'आजाद' रहना बहुत जरूरी है तथा उनको अपनी समस्याओं पर खुल कर बात करनी चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा कि लड़कियों को पिंजरा तोड़ देना चाहिए। स्थिति यह है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछले कुछ समय से भाजपा को 'रक्षात्मक' मुद्रा में ला दिया है और देश-प्रदेश की जनता के बड़े हिस्से की यह सोच बन रही है कि केवल कांग्रेस ही भाजपा-आरएसएस का मजबूती से मुकाबला कर सकती है। कुछ महीने पहले अयोध्या के राम मंदिर में 'चंदा चोरी' की गूंज संसद में और उसके बाहर सुनाई दी। इसके बाद दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के नीट परीक्षा में पेपर लीक के मुद्दे पर हुए आंदोलन, राहुल-अखिलेश के प्रधानमंत्री आवास पर धरने, छात्रों के प्रदर्शन पर पैलेट गन के कथित प्रयोग, धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे और इसके बाद प्रधानमंत्री व संघ प्रमुख द्वारा जेन-जी को सीधे संबोधित करने के प्रयासों से स्पष्ट है कि भाजपा इस बार स्वयं को घिरती हुई पा रही है और रक्षात्मक मुद्रा में है।

# न मोबाइल न माता-पिता न ही बच्चा ज़िम्मेदार, फिर कौन?

**-इक़बाल हिंदुस्तानी**



महाराष्ट्र के संभाजीनगर का एक बच्चा आई फोन लेने की ज़िद में पास की 300 मीटर ऊंची पहाड़ी पर चढ़ गया। उसको बचाने उसके पिता पहाड़ी पर चढ़े तो वे भी उसके साथ-साथ संतुलन खोने से फिसलकर नीचे गिर गये। यह अनर्थ देखकर उस बच्चे की मां ने भी पहाड़ी से नीचे छलांग लगाकर अपनी जान सदमें में दे दी। कुछ ही पल में देखते ही देखते पूरा परिवार मौत के आगोश में समा गया। कुछ लोगों का कहना है कि मोबाइल की वजह से तीन जानें चली गयीं। कुछ को लगता है कि आईफोन की वजह से ऐसा हुआ, क्योंकि मोबाइल तो आजकल लगभग सभी के पास हैं। इस परिवार के पास भी होगा। अगर नहीं भी होता तो पहले से मांग कर रहे बच्चे को कोई सस्ता सा मोबाइल दिलाना कौन सी बड़ी बात थी? लेकिन आई फोन चूंकि बहुत महंगा होता है, इसलिये यह परिवार आईफोन नहीं दिला पाया होगा, जिससे पूरा परिवार असमय ही काल के गाल में समा गया। बच्चा चला गया, उसके माता-पिता चले गये, यानी पूरा परिवार खत्म हो गया। अब हम लोग अनुमान लगाते रहेंगे। यह हुआ होगा, वह हुआ होगा, ऐसा होता तो यह नहीं होता। वैसा होता तो यह होता। कभी-कभी हम चीज़ों को बहुत सतही तौर पर देखते हैं। उसकी वजह यह है कि हमें केवल जितना बाहर से दिखता है। यानी जितनी जानकारी हमारे सामने आती है। उसी पर चर्चा करते हैं। यह स्वाभाविक भी है। यह कहना बहुत आसान है कि आज मोबाइल ने बच्चों को बिगाड़ दिया है। उनको ज़िद्दी बना दिया है। बड़े भी मोबाइल के नुकसान गिनाने लगते हैं। कुछ कहते हैं कि जब से मोबाइल आया हर कोई मोबाइल में ही लगा रहता है। वह किताब, अख़बार और परिवार को समय नहीं देता। वह सामाजिक नहीं रह गया है। वह अनैतिक होता जा रहा है। वह मोबाइल पर पोर्न देखता है, फिल्में देखता है, गाने सुनता है। रील देखता है। अंजान लोगों से चैट करता है। हर समय व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स थ्रेड, यू ट्यूब, ईमेल और इंस्टाग्राम पर



लगा रहता है। किसी के पास परिवार से बात करने, साथ बैठने, खाना खाने, नाश्ता करने और पिकनिक के लिये भी टाइम नहीं है। यहां तक कि जब लोग किसी ग़म या ख़ुशी के प्रोग्राम में भी जाते हैं, वहां भी अपने मोबाइल में ही बिज़ी रहते हैं। लेकिन सच केवल इतना ही नहीं है।

मोबाइल पूरी दुनिया में आया है। वहां भी ये सभी एप चलते हैं, वहां भी लोग चैट करते हैं। हर देश में मनोरंजन करने वाले लोग हैं। वहां लोगों को ये सब शिकायतें मोबाइल से नहीं हैं। उन्होंने अनुशासन अपनाया हुआ है। उनके यहां नैतिकता मौजूद है। उन्होंने एक सिस्टम बनाया हुआ है। यानी उनको मोबाइल से कोई शिकायत नहीं है। वे मोबाइल को इस्तेमाल करते हैं। वे मोबाइल के एडिक्शन के शिकार नहीं हैं। सच यह है कि अगर इंसान परिवार और समाज मोबाइल ही नहीं हर चीज़ का व्यवस्थित सुनियोजित और समय के हिसाब से नपा तुला इस्तेमाल करे तो मोबाइल ही नहीं किसी चीज़ से कोई परेशानी नहीं होगी। अति हर चीज़ की बुरी होती है। एक हकीकीत और है। वह यह है कि पूंजीवाद में उपभोक्तावाद बढ़ता है। कंपनियां कॉरपोरेट और सरकार तक लोगों को उधार लेकर किश्तों पर अपनी क्षमता और अपनी आय से अधिक ख़रीदारी को बढ़ावा देती है। जिससे कोई बच्चा, कोई बड़ा और कोई परिवार अपनी हैसियात, अपनी आय और कर्ज़ चुकाने की क्षमता से कई गुना अधिक उधार बड़ी ब्याज दर पर ले लेता है। जब वह लोन चुका नहीं पाता या दूसरों की नक़ल कर आई फोन जैसी महंगी विलासिता की अपनी क्षमता व ज़रूरत से बाहर की चीज़ें ख़रीद लेता है तब और या चाहकर भी नहीं ख़रीद पाता तब वह होता है जो संभाजीनगर में हुआ है। इसलिये सावधान रहें, सजग रहें और अपनी सीमा में रहकर ही ख़रीदारी करें। अपने बच्चों को शुरू से ही अपनी आय, अपनी ख़रीद क्षमता और अपनी उपभोग सीमा से परिचित करायें, अच्छे बच्चे के संस्कार सिखायें और उनसे समय-समय पर अनुशासन व अच्छे नागरिक बनने, अच्छा इंसान बनने और मात-पिता का कहना मानने के फायदे बताये।

नई उम्रों की ख़ुदमुख़्तारियों को कौन समझाये
कहां से बच के चलना है कहां जाना ज़रूरी है

नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर हैं।

# महंगाई की मार से ग़रीब की थाली बेहाल, प्याज ने फिर बिगाड़ा बजट

**-ओ.पी. पाल**

भारत में प्याज का संकट, पिछले कुछ दशकों में राजनीतिक और आर्थिक इतिहास बदलने का गवाह बनते देखा गया है। इसका कारण भी स्पष्ट रहा है कि भारतीय रसोई की नींव अगर स्वाद, सेहत और सुगंध पर टिकी है, तो उसमें चीनी की मिठास और प्याज का तड़का दो सबसे मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। लेकिन हाल के दिनों में खाद्यान्न और खाद्य पदार्थों के दामों में उतार-चढ़ाव ने आम उपभोक्ता के घरेलू बजट के गणित को पूरी तरह बिगाड़कर रख दिया है। पहले तो खाद्य तेलों और चीनी की कीमतों में आई नरमी अचानक दामों में उछाल में बदल गई, और अब बाजार में प्याज की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की आंखों में आंसू लाने की शुरुआत कर दी है। सवाल यह उठता है कि क्या चीनी की कड़वाहट के बाद अब प्याज वाकई आमजन को रुलाने की तैयारी में है? हालांकि, स्थिति गंभीर होने से पहले ही केंद्र व राज्य सरकारों ने मोर्चा संभाल लिया है। जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कानूनी शिकंजा कसने के निर्देश दिये गये हैं। दरअसल, चीनी की कड़वाहट के बाद प्याज की अचानक बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने विशेष योजना तैयार की है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने (24 अगस्त को) जानकारी दी है कि महाराष्ट्र के नासिक से प्याज का सरकारी बफर स्टॉक 'कांदा एक्सप्रेस' के जरिए देश के प्रमुख खपत केंद्रों तक भेजना शुरू किया है। प्रथम चरण में प्याज की खेप चेन्नई, मदुरै, दिल्ली, एर्नाकुलम और गुवाहाटी भेजी जा रही है। नासिक के बफर स्टॉक से 'कांदा एक्सप्रेस' के रेल रैक के जरिए पहुंचाई जा रही इस आपूर्ति को थोक और खुदरा दोनों बाजारों में उतारा जाएगा। राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) जैसी सरकारी एजेंसियों के माध्यम से खुदरा बाजार में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज बेचा जाएगा। केंद्र सरकार के पास चालू वर्ष के लिए 1.21 लाख टन प्याज का सुरक्षित बफर स्टॉक उपलब्ध है, जो घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह पर्याप्त है। अधिकारियों का मानना है कि आने वाले महीनों में देश में प्याज की उपलब्धता संतोषजनक रहेगी। बफर स्टॉक की स्थापना नाफेड और एनसीसीएफ के जरिए आपात स्थिति और त्यौहारों के दौरान कीमतों को स्थिर रखने के लिए ही की जाती है। उपभोक्ताओं पर पड़ने वाली यह महंगाई केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर एक आम नागरिक की थाली और उसकी बचत पर पड़ता है। जब रसोई के चीनी, दालें, एडिबल ऑयल और प्याज जैसे मूल सामान महंगे होते हैं, तो सबसे ज्यादा नुकसान निम्न और मध्यम वर्ग का होता है। एक सामान्य भारतीय परिवार के मासिक खर्च में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 40 फीसदी से 50 फीसदी तक होती है। जब प्याज और चीनी जैसी बुनियादी चीजें महंगी होती हैं, तो शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन जैसे अन्य अनिवार्य खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। वहीं महंगाई के कारण लोग गुणवत्तापूर्ण खान-पान से समझौता करने को मजबूर हो जाते हैं। सब्जियों और दालों के कम उपयोग से बच्चों और महिलाओं में पोषण संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।



सरकारें बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने और जमाखोरी रोकने के लिए हमेशा ही एक बहुस्तरीय रणनीति अपनाती है। अभी भी जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर नकेल कसने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत राज्यों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि वे थोक और खुदरा व्यापारियों के लिए स्टॉक लिमिट तय करें। वहीं मंडियों में अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ छापेमारी और सख्त कानूनी कार्रवाई के आदेश दिये गये हैं। केंद्र सरकार नैफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ) और एनसीसीएफ के माध्यम से लाखों टन प्याज का बफर स्टॉक बनाकर रखती है। जब खुदरा बाजार में कीमतें बढ़ती हैं, तो रियायती दरों पर मोबाइल वैन और सरकारी आउटलेट्स के जरिए उपभोक्ताओं तक प्याज पहुंचाया जाता है। प्याज और चीनी के निर्यात पर जरूरत पड़ने पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाया जाता है या निर्यात को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाता है ताकि घरेलू बाजार में उपलब्धता बनी रहे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य देशों से प्याज व चीनी के आयात को सुगम बनाने के लिए कस्टम ड्यूटी (सीमा शुल्क) घटाई जाती है। भारत के राजनीतिक और आर्थिक इतिहास में प्याज का एक विशेष स्थान रहा है।

# सांसद के करीबी की नाले के पानी से बह गई फसल व जमीन

## लाखों का नुकसान, नहीं हुआ समाधान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के नजीबाबाद क्षेत्र के मथुरापुर मोर निवासी करीबी नेता जगमीत चहल की लाखों रूपए की फसल व जमीन नाले के पानी से बह गई है। जिससे लाखों रूपए का नुकसान हो गया है। मगर सांसद, शासन व प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं हो पाया है। नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम मथुरापुर मोर निवासी आजाद समाज पार्टी के नेता जगमीत चहल ने बताया कि गांव में बीकानेर डेरे के पास उनके पिता सरदार सुखदेव सिंह की काफी जमीन है जिस पर उनका मकान बना हुआ है तथा धान मूंजी की फसल खड़ी है। उनका कहना है कि हर बार बरसात के मौसम में उनकी जमीन की दोनों साइडों में बहने वाले



खेतों के नाले के पानी से उनकी जमीन का कटाव हो जाने से उनकी जमीन पर खड़ी फसल पानी में बह जाती है, जिससे उनका नुकसान होता है। इसकी वह तीन बार सांसद चंद्रशेखर आजाद तथा शासन-प्रशासन से लिखित में शिकायत कर चुके है। मगर आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जिससे इस बार भी बरसात में नालों का पानी उनकी जमीन में घुसने से उनकी काफी जमीन का कटाव हो गया है तथा जमीन पर खड़ी धान-मूंजी की फसल पानी में बह गई है। जिससे उनका लाखों रूपए का नुकसान हो गया है। उन्होंने बताया कि पुनः शिकायत के बाद तीन दिन पूर्व नजीबाबाद तहसील से लेखपाल ने मौके पर आकर सर्वे किया था। मगर प्रशासन ने अभी तक नालों के पानी से कट रही उनकी जमीन को रोकने के लिए कोई काम नहीं कराया है। जिससे वहां से करीब 35 फिट की दूरी पर बने उनके मकान तथा 30 फीट की दूरी पर स्थित उनके ट्यूबवैल को भी पानी में बहने का खतरा पैदा हो गया है। पीड़ित ने सांसद, शासन व प्रशासन से उनकी समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

**पानी से मथुरापुर मोर में कटी आसपा नेता जगमीत चहल की जमीन।**

## पत्रकार की माता के साथ घर में घुसकर गाली-गलौच व धमकी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। राहूखेड़ी क्षेत्र के पत्रकार साकिब जैदी की माता अफसाना पत्नी वासिफ अली ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में कहा कि 27 अगस्त 2026 को वह घर पर अकेली थी, इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उनके घर में घुस आया तथा उसने परिवार को गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पत्रकार ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद उनके घर पर पूरे दिन किसी भी पुलिसकर्मी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच तक नहीं की। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। क्षेत्र के पत्रकारों ने इस घटना पर रोष जताया।**

## बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर बांधी राखी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भाई-बहन के पवित्र रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधी व ईश्वर से उनके उज्वल भविष्य की कामना की। भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर को उनकी बहन बबली चौधरी, टिवंकल कपेड़े, राखी देवी, पूनम सहरावत व शीतल ने रक्षाबंधन पर उनके ग्राम खाईखेड़ी स्थित आवास पर पहुंचकर तिलक करके राखी बांधी तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। शास्त्रों व पुराणों में ऐसा वर्णित है कि जो भाई श्रावण मास की पूर्णिमा पर अपनी बहन से अपने मस्तिष्क पर तिलक कराकर राखी बंधवाकर अपनी बहन की रक्षा करने का प्रण करता है तो उसकी अकाल मृत्य नहीं होती, इसी मान्यता को मानते हुए दूर-दूर रहने वाले भाई बहन के सच्चे प्यार, अटूट विश्वास व स्नेह के पावन त्यौहार रक्षाबंधन मनाने के लिए एकत्रित होते हैं। नगर क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्यौहार प्रेम के साथ मनाया गया। नजीबाबाद में जैन समाज के कुशमन्दनी जैन ने अपने छोटे भाई भाविक जैन ने रक्षाबंधन के मौके पर तिलक का राखी बांधी। परिवार ने दोनों भाई-बहनों को आशीर्वाद से नवाजा।



**किसान नेता बाबूराम तोमर को राखी बांधती उनकी बहन तथा छोटी बहन भाई को राखी बांधते हुए।**

## क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपेक्षित कार्य नहीं हुये: मंसूरी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जलालाबाद के मौहल्ला शेख सराय में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें युवाओं व बुजुर्गो ने बढ़-चढ़कर शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता निज़ाम एडवोकेट एवं संचालन शेख समीर हुसैन ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में साहनपुर चेयरमैन एवं नजीबाबाद विधानसभा के भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी मौजूद रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी को मुस्लिम समाज का भारी समर्थन व वोट मिलता रहा है, लेकिन मुस्लिम समाज से जुड़े मुद्दों व समस्याओं पर पार्टी अपेक्षित रूप से मुखर नहीं दिखाई देती। मुख्य अतिथि खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि आज़म खान के खिलाफ दर्ज विभिन्न मुकदमों के दौरान समाजवादी पार्टी ने जिस तरह का विरोध प्रदर्शन करना चाहिए था, वह नहीं किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व नजीबाबाद विधायक की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। खुर्शीद मंसूरी ने आरोप लगाया कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपेक्षित कार्य नहीं हुए, केवल ध्वस्तीकरण की राजनीति की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता अपने वोट के माध्यम से इसका जवाब देगी। बैठक में युवाओं ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व ने भरोसा जताया, तो खुर्शीद मंसूरी को नजीबाबाद विधानसभा पहुंचाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। इस मौके पर शेख समीर हुसैन, अयान खान, फैज़ शेख, अरमान शेख, शारिक शेख, जैद शेख, अहमद शेख, मोनू शेख, जुबैर शेख, आरू अंसारी, तनवीर शेख, अरशद शेख, ज़ीशान शेख, अनस शेख, नौशाद राईन, फरमान राईन, मौ. कासिम शेख, मौ. वसीम राईन, दिलशाद राईन, मौ. अशरफ, मौ. सलीम शेख, मौ. शफीक, मोहम्मद आमेर, मौ. आसिफ, मौ. अकरम, अनवर राईन, इमरान राईन, उस्मान राईन, मौ. अमीर राईन, नसीम राईन, शमशेर राईन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## एमएससी केमिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर में हल्दौर डिग्री कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** हल्दौर डिग्री कॉलेज के एमएससी केमिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार अंजू एवं जयसल खुराना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भारती शर्मा एवं दुष्यंत कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कनिष्क त्यागी, कंचन सिंह एवं दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार, प्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह त्यागी व एमएससी केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्य प्रताप सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं निरंतर अध्ययन का परिणाम है तथा यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत फार्मेसी कॉलेज हल्दौर की डी. फार्मा. में प्रविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ की मुख्य परीक्षा का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। द्वितीय वर्ष में जोबिया खान ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आंचल रानी ने 70.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रंजना चौहान ने 69.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गहलौत फार्मेसी कॉलेज हल्दौर के इन सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गहलौत चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन उमेशचन्द्र गहलौत एवं सचिव अशोक कुमार गहलौत ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. पंकज सिंह व सहायक प्रोफेसर भूमिका लोईवाल ने सभी की मेहनत की प्रशंसा की।



Zobia Khan (74%) | Ancahl Rani (70.3%) | Ranjana Chauhan (69.9%)

# गहलौत पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**हल्दौर ( चिंगारी )।** कैप्टन ए.वी.एस. गहलौत पब्लिक स्कूल, हल्दौर में प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी के दिशा-निर्देशन में बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद उठाया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए बलून बैलेंसिंग एवं कप बैलेंसिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अलग-अलग रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया। शिक्षकों के लिए पावर मेकिंग प्रतियोगिता का भी



आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में शिक्षक और विद्यार्थियों ने खूब उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी ने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस क्यों और किस उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा जीवन में आत्मविश्वास के महत्व को समझाते हुए सदैव आत्मविश्वासी, अनुशासित और सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजिका ने पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का एक विशेष और आनंदमय क्षण तब देखने को मिला, जब बच्चों को रिफ्रेशमेंट के रूप में मिठाइयां वितरित की गईं। मिठाइयां पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ क्रिकेट मैच

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट स्कूल, हल्दौर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चारों हाउस-रेड, ग्रीन, ब्लू एवं येलो हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर चारों हाउस के बीच रोमांचक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर शैनेट एवं मैनेजर सिस्टर फिल्बी ने संयुक्त रूप से किया। सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में ब्लू हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य सिस्टर शैनेट एवं मैनेजर सिस्टर फिल्बी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास, सहयोग और टीम भावना का विकास करते हैं। खेल आयोजन को सफल बनाने में पीटीआई शरद सर एवं अवनीत कौर मैडम का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# उत्साहपूर्वक मनाया गया राखी का त्यौहार बहनों ने राखियां बांधी, भाइयों ने दिये उपहार

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रावण मास की पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला पावन पर्व रक्षाबंधन नगर में हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में परंपरागत रूप से मनाया गया। भाई बहन के पवित्र रिश्ते के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व का उत्साह छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक रहा। इस दौरान दूर-दूर से आई बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रंग बिरंगी राखियां बांधी और माथे पर तिलक करके उनके सुखद और उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद छोटी बहन महक ने भाई वासुदेव के हाथ की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को फल, मिठाई और अन्य उपहार भेंट किए। बाजार में मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर भारी भीड़ रही। मार्केट में चीनी के दाम बढ़ाने के बावजूद मिठाई विक्रेताओं ने ग्राहकों को राहत प्रदान करते हुए मिठाइयों के मूल्यों को नहीं बढ़ाया। उधर, फूड इंस्पेक्टर ने भी मार्केट में मिठाई की क्वालिटी पर नजर बनाए रखी। रक्षाबंधन के त्यौहार पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं की भारी भीड़ रही।



भाई वासुदेव के हाथ पर राखी बांधते हुए बहन महक।

# मुकेश के सदाबहार गीतों से गूंजा काशीनाथ मेमोरियल हॉल

## 50वीं पुण्यतिथि पर 'तुमको न भूल पाएंगे' कार्यक्रम में कलाकारों ने दी संगीतमय श्रद्धांजलि

**नगीना ( चिंगारी )।** महान पार्श्वगायक मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर हलचल म्यूजिकल सोसाइटी की ओर से स्थानीय काशीनाथ मेमोरियल हॉल में तुमको न भूल पाएंगे शीर्षक से संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मास्टर प्रदीप कुमार सजल को समर्पित रहा। कलाकारों ने मुकेश के सदाबहार गीत प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शशिकांत बौद्ध और युवा भाजपा नेता रोहित रवि ने मुकेश के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद हलचल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार पीएल बिश्नोई ने जाने कहां गए वो दिन.., संदीप कुमार ने सजन रे झूठ मत बोलो.., सुशील गुप्ता ने सुहानी चांदनी रातें हमें सोने नहीं देतीं.., मो. इरफान ने हमने अपना सब कुछ खोया.., भाजपा नेता रोहित रवि ने ओ महबूबा, ओ महबूबा..और इनाम अली ने कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे.. सहित मुकेश के कई यादगार गीत सुनाकर समां बांध दिया।

धामपुर से पहुंचे गायक डॉ. एजे चंदन के साथ केके बिश्नोई, विशाल सैनी, रईस राही, सरफराज और इकबाल अहमद ने भी गीत प्रस्तुत कर मुकेश को श्रद्धांजलि दी। वहीं हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी और एडवोकेट निशीथ गर्ग की रचनाओं को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। उर्दू शायर डॉ. आलमगीर काजमी ने चुटीले, हास्य-व्यंग्य और शायरी से समां बांध दिया। इस अवसर पर सोसाइटी की ओर से मुख्य अतिथि डॉ. शशिकांत बौद्ध और धामपुर से आए गायक कलाकार डॉ. एजे चंदन को सुशील गुप्ता, रोहित रवि और शायर डॉ. आलमगीर काजमी ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हाशिम इस्लाम, चित्रांश, दीपक हिरनवाल, मो. आदिल, मो.शहजाद आदि मौजूद रहे।



नगीना में संगीतमय कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते सुशील गुप्ता।

# चकरोड पर नज़र आया गुलदार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम महमसापुर निवासी हरि सिंह, सैंकी, ब्रह्मपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह व तापेन्द्र दो बुग्गियों पर सवार होकर सुबह लगभग 6 बजे गंगा मार्ग स्थित खेतों से चारा लेने जा रहे थे। अचानक उन्हें चकरोड के किनारे घास पर चलता हुआ एक गुलदार दिखाई दिया। उनमें से एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। गुलदार कुछ दूर सीधे चलता रहा और फिर चकरोड को क्रॉस करके एक खेत में घुस गया। गुलदार ने किसानों की तरफ देखा भी नहीं। किसानों का कहना है कि उक्त जंगल में गुलदार यदा-कदा देखा जाता है। उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। गुलदार के व्यवहार के बड़े जानकार कु. बलजीत सिंह ने बताया कि यह नर गुलदार है तथा पूर्ण व्यस्क है।



महमसापुर के जंगल में किसानों की बुग्गियों के सामने आया गुलदार।

# रक्षाबंधन पर राखी और मिठाइयों की दुकानों पर रही भीड़

## चांदी की राखियों ने भी खींचा महिलाओं का ध्यान, हाईवे पर दिनभर जाम से जूझते रहे लोग

**नगीना ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल रही। महिलाओं और युवतियों ने अपनी पसंद की राखियां खरीदीं। इस बार चांदी की राखियों को लेकर भी महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

रक्षाबंधन के चलते नगर के मुख्य बाजारों में पूरे दिन भीड़ रही। बहनों ने भाइयों की कलाई सजाने के लिए रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों के साथ चांदी की राखियां भी खरीदीं। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग पर महिलाओं और खरीदारी के लिए निकले लोगों की भीड़ के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। वाहनों की लंबी कतारें लगने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

रक्षाबंधन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसें चलाने के सरकारी दावों की भी पोल खुलती नजर आई। नगर के रोडवेज़ बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ लगी रही, लेकिन काफी लोगों को समय पर बस उपलब्ध नहीं हो सकी। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बस के इंतजार में काफी देर तक खड़ा रहना पड़ा। यात्रियों का कहना था कि पर्व को देखते हुए परिवहन विभाग को पहले से अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करनी चाहिए थी। कई यात्रियों को निजी वाहनों और अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा।



नगीना में रक्षाबंधन के मौके पर बहन को उपहार देता भाई।



## लिवर दुरुस्त रखे, पाचन सही कर कब्ज नहीं होने देता

# बड़हल



## बुढ़ापा रोके, बालों को घना और रेशमी बनाए, खून की कमी दूर करता है बड़हल

**आज एक ऐसे फल के बारे में बता रहे हैं जो धीरे-धीरे गुमनामी के अंधेरे में जा रहा है। गुणों से भरपूर इस देसी फल को बड़हल कहते हैं। आज भी बारिश के मौसम में यह फल अपनी झलक दिखाता है। औषधीय गुणों से भरपूर बड़हल लिवर के लिए बेहद फायदेमंद है। बड़हल पेट साफ रखता और शरीर की ताकत बढ़ाता है। बेडौल आकार का बड़हल, कटहल की फैमिली से आता है। लेकिन इसका स्वाद खट्टा और मीठा होता है। आयुर्वेदाचार्य डॉ. आर. पी पराशर से जानते हैं बड़हल के फायदे और नुकसान।**

**आयुर्वेद में बड़हल की अहमियत:-** डॉ. पराशर कहते हैं कि रिसर्च से पता चला है कि बड़हल का फल कड़वा, मधुर, अम्ल, उष्ण, गुरु और वातनाशक होता है। यह कफनाशक भी है और शरीर की गर्मी को भी दूर करता है। ताजा फल लिवर के लिए ताजगी का काम करता है और फल के बीज पेट के लिए मुफीद हैं।

**लिवर का रखे ख्याल:-** लिवर के लिए बड़हल से बेहतर कोई फल नहीं है। बड़हल में एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो लिवर के लिए फायदेमंद हैं। रोजाना बड़हल खाने से लिवर से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।

**डाइजेशन दुरुस्त रखे:-** बड़हल का फल पाचन सही रखता है। बड़हल के बीजों को सुखाकर इसका पाउडर बनाएं और अपच की समस्या होने पर इस पाउडर का इस्तेमाल करें। घरेलू इलाज के लिए पाउडर को स्टोर भी कर सकते हैं। कब्ज से परेशान हैं तो सीधे बड़हल खा भी सकते हैं क्योंकि इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो कब्ज से छुटकारा दिलाता है।

### बड़हल के फायदे अनेक




*"विटामिन ए से भरपूर बड़हल का फल आंखों के लिए सबसे अहम है। यह रतौंधी को दूर करने में भी मदद करता है।"*



### न्यूट्रीशन से भरपूर बड़हल

⏭ जिंक, ⏭ कॉपर, ⏭ आयरन, ⏭ मैंगनीज, ⏭ विटामिन सी, ⏭ बीटा कैरोटीन, ⏭ एंटी वायरल, ⏭ एंटी इंफ्लेमेटरी, ⏭ एंटी बैक्टीरियल

**आंखों की रोशनी में इजाफा करे:-** विटामिन ए से भरपूर बड़हल का फल आंखों की रोशनी तेज करने में सहायक होता है। विटामिन ए आंखों के स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है। विटामिन ए से भरपूर डाइट रतौंधी जैसी बीमारी को दूर रखने में भी मदद कर सकती है।

**खून की कमी दूर करे:-** बड़हल में मौजूद आयरन और अन्य पोषक तत्व शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी को पूरा करने में बेहद कारगर माने जाते हैं। रोजाना बड़हल खाया जाए तो शरीर में खून की कमी से होने वाली बीमारी एनीमिया से भी बचा जा सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व खून को साफ करने का काम भी करते हैं।

**बालों को रेशमी बनाए:-** बड़हल का फल बालों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमें विटामिन ए और सी की प्रचुर मात्रा होती है। ये विटामिन्स बालों के लिए टॉनिक का काम करते हैं। विटामिन ए और सी की प्रचुर मात्रा वाले बड़हल का इस्तेमाल करने से बेरौनक और फीके पड़ गए बालों में जान आ जाती है। बाल मजबूत और घने होते हैं।

**बड़हल की तासीर:-** आयुर्वेद के मुताबिक कच्चा बड़हल शरीर के लिए गर्म माना जाता है और पका हुआ बड़हल शरीर के लिए ठंडा। बड़हल वात और पित्त को खत्म करता है, कफ को बढ़ाता है, पाचन शक्ति और शरीर में वीर्य को बढ़ाता है। **बड़हल की चटनी, अचार, खटाई और सिरका:-** बड़हल को कच्चा खाया जाता है, लेकिन इसकी सब्जी भी बनाई जा सकती है। बड़हल की चटनी बहुत टेस्टी होती है। कुछ जगह इसका अचार भी डालते हैं। जो कई सालों तक खराब नहीं होता है। गांवों में इसका सिरका भी तैयार कर लिया जाता है। बड़हल को अगर सुखाकर रख लिया जाए तो खाने में यह इमली की जगह इस्तेमाल कर सकते हैं। **बड़हल के पेड़ की लकड़ी दीमक की जानी दुश्मन है:-** बड़हल का पेड़ फल के लिए मशहूर है, लेकिन इसकी लकड़ी भी बड़े काम की है। बड़हल की लकड़ी कठोर और दीमक प्रतिरोधी मानी जाती है और इसे सागौन लकड़ी के समान ही मजबूत माना जाता है, जो पानी में भी नहीं गलती। पुराने जमाने में बड़हल के पेड़ की लकड़ी का इस्तेमाल फर्नीचर और नाव बनाने के लिए भी किया जाता था। बड़हल की छाल आयुर्वेदिक दवाएं बनाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।



### बड़हल के नुकसान

⏭ बड़हल के फल को जरूरत से ज्यादा खाने से पेट खराब हो सकता है।
⏭ एलर्जी- कुछ लोगों को बड़हल खाने से एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली, सूजन या सांस लेने में परेशानी हो सकती है।
⏭ हाई कैलोरी- यह हाई कैलोरी वाला फल है इसलिए बहुत ज्यादा मात्रा में खाने से वजन बढ़ सकता है।
⏭ कैल्शियम-यह शरीर में कैल्शियम की मात्रा को बढ़ने से रोक सकता है और इतना ही नहीं यह ज्यादा खाने से आपके शरीर के गुर्दे की पथरी का कारण भी बन सकता है।

## बिहार में कटहल जैसा बड़ा आम!

**जहानाबाद (एजेंसी)।** हमारे देश का राष्ट्रीय फल आम है। आम का स्वाद सबको दीवाना बनाता है। भले, इसका सीजन खत्म हो गया हो, लेकिन पौधे की रोपाई का सही समय तो बरसात ही है। एक्सपर्ट का कहना है कि इस मौसम में पौधों की रोपाई करने पर पेड़ के जीवित रहने की संभावनाएं अधिक है। आम के कई किस्मों के बारे में जरूर सुना होगा। महंगी और सस्ती वैरायटी की खरीदारी की होगी। बिहार की बात करें तो यहां का सबसे बेहतरीन जर्दालु और दीघा मालदा आम की चर्चाएं खूब होती है। हो भी क्यों न इसका स्वाद ही ऐसा रहता है।



**आम की खास वैरायटी '4KG मैंगो':-** हां, आपने आम के अनेकों वैरायटी का नाम सुना होगा, लेकिन '4KG' आम वैरायटी की जानकारी है? अगर नहीं, तो फिर चलिए आज हम आपको इस किस्म के बारे में बताएंगे। जहानाबाद में कनौदी के पास एक निजी नर्सरी है। मालिक सत्येंद्र नारायण सिंह हमेशा कुछ न कुछ नए प्लांट्स नर्सरी में लाते रहते हैं। इस बार उन्होंने आम की खास वैरायटी '4KG' मैंगो लाया है। इस किस्म के आम का नाम सुनते ही आपको हैरत हो रही होगी, क्या यह आम 4 किलो वाला है?

**'4KG' आम की क्या है खासियत ?:-** सत्येंद्र नारायण सिंह बताते हैं कि हां, यह आम 4ग्राम मैंगो ही है। इस बार बाहर से यह वैरायटी मंगवाए हैं। बहुत ही अलग लगा इस कारण जहानाबाद नर्सरी में लाए हैं। इस प्रजाति के एक आम का वजन 3.5 से 4 किलोग्राम तक होता है। यह दुर्लभ और बेहद अलग किस्म की विदेशी प्रजाति है। इस थाई '4KG' मैंगो कहा जाता है। हालांकि, इस प्रजाति को अब जहानाबाद जिला में भी लाया गया है। कस्टमर्स का रिव्यू भी अच्छा मिल रहा है। कुछ घरों में इस आम की प्रजाति गई भी है। इसका आकार कटहल की तरह होता है।

## भारत के अनोखे गांव, जिनकी अजीब परंपराएं जानकर रह जाएंगे हैरान

गजब

**1. शनि शिंगणापुर (महाराष्ट्र) - बिना दरवाजों वाला गांव :-** इस गांव की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां किसी भी घर में दरवाजे और कुंडी नहीं है। लोग अपनी कीमती चीजें और गहने भी खुले में रखते हैं। मान्यता है कि भगवान शनि स्वयं गांव की रक्षा करते हैं। यहां तक कि गांव के बैंक में भी दरवाजे नहीं हैं।

**2. कोडिन्ही (केरल)- 'जुड़वा बच्चों' का गांव:-** केरल के मलप्पुरम जिले में स्थित इस गांव को 'ट्विन टाउन' कहा जाता है। यहां करीब 2000 परिवार रहते हैं और उनमें 400 से अधिक जुड़वा जोड़े हैं। वैज्ञानिक आज भी इस रहस्य को नहीं सुलझा पाए हैं कि यहां इतने जुड़वा बच्चे क्यों पैदा होते हैं।

**3. कुलधरा (राजस्थान)- रातों-रात खाली हुआ 'भूतिया' गांव:-** जैसलमेर के पास स्थित यह गांव पिछले 200 सालों से वीरान पड़ा है। कहा जाता है कि यहां के पालीवाल ब्राह्मण अपने सम्मान की रक्षा के लिए रातों-रात इस गांव को छोड़कर चले गए थे और जाते समय श्राप दे गए थे कि यहां कोई दोबारा नहीं बस पाएगा।

**4. मावलिननॉन्ग (मेघालय)- एशिया का सबसे साफ गांव:-** इसे 'एशिया का सबसे स्वच्छ गांव' होने का गौरव प्राप्त है। यहां हर घर के बाहर बांस के डस्टबिन रखे होते हैं और गांव वाले खुद सफाई करते हैं। यहां की खूबसूरती और अनुशासन किसी विकसित देश के शहर से भी बेहतर है। यहां पर साथ ही एक छोटी सी चट्टान पर एक बहुत बड़ी चट्टान का बैलेंस भी है।

**5. मत्तूर (कर्नाटक)- जहां आज भी बोली जाती है संस्कृत:-** आधुनिकता के इस दौर में भी इस गांव के लोग आपस में बातचीत के लिए संस्कृत भाषा का प्रयोग करते हैं। यहां के बच्चे, बड़े और यहां तक कि दुकानदार भी धाराप्रवाह संस्कृत बोलते हैं। गांव वाले अपनी रोज़मर्रा की बातचीत में 100 प्रतिशत संस्कृत बोलते हैं। यह गांव प्राचीन भारतीय संस्कृति का जीवित उदाहरण है।

**6. लोंगवा (नागालैंड)- एक घर, दो देश:-** यह गांव भारत और म्यांमार की सीमा पर स्थित है। इस गांव के मुखिया (अंग) का घर इतना अनोखा है कि उसका आधा हिस्सा भारत में और आधा म्यांमार में है। यहां के लोगों के पास दोहरी नागरिकता होती है और वे बिना पासपोर्ट के सीमा पार कर सकते हैं।

**7. हिवरे बाजार (महाराष्ट्र)- करोड़ पतियों का गांव:-** कभी सूखे की मार झेलने वाला यह गांव आज भारत का सबसे अमीर गांव है। यहां रहने वाले 1,200 लोगों में से 60 से ज्यादा लोग करोड़पति हैं। ग्रामीणों ने जल संरक्षण और आधुनिक खेती के जरिए अपनी किस्मत खुद बदली है।

**8. मलाणा (हिमाचल) - लोकतंत्र का जनक:-** हिमाचल प्रदेश का 'मलाणा' गांव खुद को दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र मानता है और यहां के लोग बाहरी लोगों को अपनी चीजों को छूने तक की इजाजत नहीं देते।

# साइट न चल पाने से परेशान हैं पीईटी का फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थी

### अंतिम तिथि है 1 सितंबर

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर लगातार सर्वर डाउन होने अथवा ओटीपी न आ पाने के कारण यूपीएसएसएससी PET (प्रारंभिक पात्रता परीक्षा) का आवेदन करने वाले अभ्यर्थी पूरा-पूरा दिन ऑनलाइन वर्क वाली दुकानों पर दर-दर की ठोकरें खा खाकर परेशान हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 01 सितम्बर नजदीक आते देख अभ्यर्थी अपने-अपने आवेदन को लेकर चिंतित हैं कि आखिर वह आवेदन करें तो कैसे? अभ्यर्थी इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि अंतिम तिथि तक सर्वर का यही हाल रहा और आवेदन की तारीख आगे नहीं बढ़ाई गई तो उनका साल बेकार हो जाएगा, इसके बाद वह इस वर्ष PET की अनिवार्यता वाले सरकारी नौकरियों के आवेदन भी नहीं कर पाएंगे।

### अभ्यर्थियों को सलाह

आयोग की आधिकारिक वेबसाइट का सर्वर डाउन होने या ओटीपी न आने की स्थिति में अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह सुबह सवेरे या देर रात फॉर्म भरने का प्रयास जरुर करें, क्योंकि दिन में अधिक व्यक्तियों द्वारा आवेदन का एक साथ प्रयास करने पर अक्सर सर्वर डाउन होने जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### कहां-कहां जरूरी है PET

**जानकारों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में समूह ग और कुछ अन्य संवर्ग की सरकारी नौकरियों के लिए यूपीएसएसएससी PET परीक्षा पास होना अनिवार्य है। यह परीक्षा उत्तीर्ण होने उपरांत ही उम्मीदवार आयोग की मुख्य परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिनमें लेखपाल, पंचायत सचिव, कनिष्ठ सहायक, जूनियर अस्सिटेंट, स्टेनोग्राफर, वनरक्षक, आबकारी सिपाही, हेल्थ वर्कर, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन आदि बहुत से पद शामिल हैं।**


TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always — TATA

**INTRA V30 GOLD PICKUP**




**APPLY FOR VACANCY**

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

**CNS Motors Pvt. Ltd.** (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : **8484932387, 8476001007**



# कुंवर बासित अली से मिले फारुक मकरानी



**नूरपुर ( चिंगारी )।** दिल्ली में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर लौटे कस्बे के मोहल्ला बंजारान निवासी व्यापारी नेता फारुक मकरानी ने उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मुबारकबाद देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जिम्मेदारी देश को मजबूत बनाना, गरीबों व अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए काम करना और सबका उत्थान करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास वाले फार्मूले पर काम कर रही है। मुसलमानों को यह समझना चाहिए कि हमारे लिए नरेन्द्र मोदी बेहतर प्रधानमंत्री हैं। बगैर किसी भेदभाव के देश के मुसलमानों को सरकार की सभी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुंवर बासित अली एक जमीनी कार्यकर्ता रहे हैं। भाजपा हाईकमान ने पार्टी के प्रति उनकी वफादारी का श्रेय उन्हें दिया है।

# बिजनौर के एथलीटों ने जीते कई पदक

## प्रयागराज में रोशन किया जिले का नाम



तनु चौधरी   प्रियंका   समीक्षा राठी   भूमि मलिक

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** प्रयागराज में आयोजित हुई 61वीं राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप - 2026 में बिजनौर एथलेटिक्स एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किये हैं। जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जनपद को प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है। चार पदक बालिकाओं ने जीते हैं। प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में 23 से 25 अगस्त तक आयोजित हुई 61 वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तनु चौधरी ने अंडर-18 एज ग्रुप में 400 मीटर दौड़ में अपनी तेज रफ्तार का जादू दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता। भूमि मलिक ने अंडर - 20 एज ग्रुप में लंबी कूद में अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। अंडर-14 आयु वर्ग में भी बिजनौर के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। निकहत खान ने ट्रायथलॉन-बी ( मल्टी-स्पोर्ट) में स्वर्ण पदक हासिल किया है। जबकि प्रियंका ने इसी ग्रुप एवं स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है। समीक्षा राठी ने शॉटपुट में और अंशुल चौहान ने 400 मीटर दौड़ में अंडर-20 एज ग्रुप में कांस्य पदक अपने नाम किये हैं। बिजनौर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव ओमराज सिंह ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अपने हुनर और परिश्रम से प्रयागराज की धरती पर बिजनौर का नाम रोशन किया है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और सौफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक / कोच कपिल राणा ने कहा कि बिजनौर में खेल प्रतिभाओं की भरमार है, बस जरूरत उनकी प्रतिभा को निखारकर सामने लाने की है। इन खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तर पर पदक जीतकर साबित किया है कि सही मार्गदर्शन और कठोर परिश्रम से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।



निखत खान   अंशुल चौहान

# भीमसैन हल्दिया बने आसपा के मुरादाबाद मंडल प्रभारी



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसैन हल्दिया को मुरादाबाद मंडल के प्रभारी का दायित्व भी सौंपा गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए बताया कि मुरादाबाद मंडल प्रभारी सलीम अंसारी को आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के कारण संगठन से पदमुक्त किया गया है। उनके स्थान पर प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसैन हल्दिया को पूर्व जिम्मेदारी के साथ-साथ यह दायित्व भी सौंपा गया है।


## शोक संदेश

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती प्रकाशो देवी**

पत्नी स्वर्गीय श्री जी. आर. शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 19 अगस्त 2026, बुधवार को हो गया।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे एवं हम सबको इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दें।



उनकी तेहरवीं एवं श्रद्धांजलि सभा निम्न कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी।

**कार्यक्रम स्थल**

बारात घर, देवेंद विहार कॉलोनी, माया मार्केट, गुमानीवाला, ऋषिकेश

**कार्यक्रम विवरण**

30 अगस्त 2026, दिन रविवार

- गरूड़ पुराण का पाठ पूजन कार्यक्रम — सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक
- ब्राह्मण भोजन एवं प्रसाद — 12:00 बजे
- रसम पगड़ी — दोपहर 2:30 बजे

**शोकाकुल परिवार**

पुत्र: राजेश शर्मा (पत्रकार ऋषिकेश), अरूण शर्मा, अनिल शर्मा

पोते, पोती एवं परपोती:
पोते : साजन शर्मा, शगुन शर्मा, अर्पण शर्मा, अर्पित शर्मा
पोती : अन्नीता शर्मा
परपोती : सिआरा शर्मा

# रक्षाबंधन पर जेल में भाइयों से मिलकर रोईं बहनें

## 603 बहनों ने बांधी राखी

### सुबह नौ से शाम साढ़े चार बजे तक कई शिफ्टों में हुई मुलाकात

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन के अवसर पर शुक्रवार को जिला कारागार में भाई-बहन के प्यार और भावनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला। जेल में बंद भाइयों की बहनों से मुलाक़ात हुई तो बहनें रो पड़ीं। उन्हें रोता देख भाई भी अपने आंसू नहीं रोक सके। जेल प्रशासन ने बहनों की सुविधा के लिए मिलाई का समय बढ़ाने के साथ ही विशेष व्यवस्थाएं भी की थीं। रक्षाबंधन के मद्देनजर जेल प्रशासन ने सुबह नौ बजे से ही मिलाई शुरू करा दी। सामान्य दिनों में मिलाई दोपहर दो बजे तक होती है, लेकिन त्यौहार को देखते हुए समय बढ़ाकर सुबह नौ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक कर दिया गया।


जेल के बाहर भाइयों से मिलाई के लिये इंतजार करतीं महिलाएं।

सुबह से ही जिला कारागार के बाहर बहनों और अन्य मुलाकातियों की लंबी कतारें लग गईं। जेलर कस्तूरीलाल गुप्ता ने बताया कि शाम साढ़े चार बजे तक 603 बहनें अपने बंदी भाइयों से मिलने पहुंचीं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और तिलक किया। वहीं 65 महिला बंदियों से मिलने एक भाई भी पहुंचा। मुलाकात के दौरान 200 से अधिक बच्चे भी अपने परिजनों के साथ मौजूद रहे। मुलाकातियों की सुविधा के लिए जेल के मुख्य द्वार पर टेंट लगाकर सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। वहीं जेल के अंदर मुलाकात स्थल को टेंट और सजावट से आकर्षक रूप दिया गया। राखी बांधने पहुंचीं बहनों के लिए जेल प्रशासन की ओर से मिष्ठान की भी व्यवस्था की गई।

### मुस्लिम बहनों ने भी बांधी राखी

जेलर कस्तूरीलाल गुप्ता ने बताया कि रक्षाबंधन पर कुछ मुस्लिम बहनों ने भी जेल में निरुद्ध अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। उन्होंने कहा कि यह भाईचारे और आपसी सौहार्द की मिसाल है।

## शराब के नशे में बस चलाते मिला चालक

### यातायात पुलिस ने बस व दो ट्रैक्टर किए सीज




**बिजनौर ( चिंगारी )।** यातायात पुलिस ने गुरुवार रात वाहन चैकिंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान शराब के नशे में रोडवेज बस चलाते मिले चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बस को सीज कर दिया गया। यातायात पुलिस ने गुरूवार की रात विभिन्न स्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चालकों की जांच की गई। अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान चार ट्रैक्टरों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन करने पर दो ट्रैक्टरों को सीज कर दिया गया। वहीं, शराब के नशे में रोडवेज बस चलाते मिले चालक के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत कार्रवाई की गई और बस को सीज कर दिया गया। यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन ने वाहन चालकों को चेतावनी दी कि शराब पीकर वाहन चलाने से सड़क हादसों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## देश के 90 प्रतिशत लोगों के पास मोबाइल फोन कनेक्शन


### सबस्क्राइबरों की संख्या 128.79 करोड़ तक पहुंची

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश में मोबाइल सबस्क्राइबरों की संख्या जुलाई में बढ़कर 128.79 करोड़ पर पहुंच गयी और इसके साथ ही पहली बार देश की आबादी की तुलना मोबाइल सबस्क्राइबरों की संख्या (मोबाइल टेली-डेंसिटी) 90 प्रतिशत हो गयी है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई के अंत में देश में 128 करोड़ 79 लाख से अधिक मोबाइल सबस्क्राइबर थे। यह जून 2026 के 128.24 करोड़ की तुलना में 0.43 प्रतिशत अधिक है। ट्राई ने बताया कि मोबाइल टेली-डेंसिटी पहली बार 90 प्रतिशत के पार पहुंच गयी है। जुलाई में 90.04 प्रतिशत दर्ज की गयी। जून में आबादी की तुलना में 89.71 प्रतिशत मोबाइल सबस्क्रिप्शन थे। शहरी इलाकों में मोबाइल सबस्क्राइबरों की संख्या 73.94 करोड़ से बढ़कर 74.37 करोड़ पर पहुंच गयी। ग्रामीण इलाकों में सबस्क्राइबरों की संख्या 54.30 करोड़ से बढ़कर 54.43 करोड़ हो गयी। इनकी संख्या क्रमश: 0.57 प्रतिशत और 0.24 प्रतिशत बढ़ी। शहरी इलाकों में आबादी से 44 प्रतिशत ज्यादा मोबाइल सबस्क्रिप्शन थे। वहीं ग्रामीण इलाकों में मात्र मोबाइल टेली-डेंसिटी 60 प्रतिशत रही यानी आबादी से 40 प्रतिशत कम मोबाइल कनेक्शन। रिपोर्ट से पता चलाता है कि जुलाई में एयरटेल के सबस्क्राइबरों की संख्या 26.88 लाख बढ़ी। रिलायंस जियो के ग्राहक 24.47 लाख बढ़े। वोडफोन के ग्राहकों की संख्या में 2.40 लाख का और बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या में 16.89 लाख का इजाफा हुआ। एमटीएनएल के ग्राहक 5.74 हजार कम हो गये। फिक्सड लाइन, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और मोबाइल समेत सबस्क्राइबरों की कुल संख्या जुलाई के अंत तक 135.43 करोड़ पर पहुंच गयी।

## नगीना के हस्तशिल्प उद्योग को संवारने की मांग, डीएम को सौंपा पत्र

### कपड़ा उद्योग की जमीन में हस्तशिल्प इकाइयों को मिले जगह, बिजली दरों में दी जाए छूट

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना के हस्तशिल्प ( हैंडीक्राफ्ट) उद्योग को बढ़ावा देने और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नगीना वुड हैंडीक्राफ्ट्स एसोसिएशन नगीना के महासचिव खुर्शीद अहमद ने जिलाधिकारी को पत्र दिया है। पत्र के माध्यम से चार प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।


खुर्शीद अहमद कुरैशी

खुर्शीद अहमद का कहना है कि नगीना में काष्ठ कला उद्योग से निर्मित सामान का बड़ी मात्रा में विदेश में निर्यात होता है। यहां के उद्यमियों को देश-विदेश के बाजारों में प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। ऐसे में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बिजली की दरों में उसी तरह छूट देने की मांग की गई है, जिस प्रकार किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए बिजली बिल में छूट दी जाती है। इससे काष्ठ कला उद्योग की उत्पादन लागत कम होने और निर्यात बढ़ने की उम्मीद है।

पत्र में नगीना सहकारी कताई मिल की खाली भूमि को कपड़ा उद्योग के लिए आवंटित किए जाने की योजना का भी उल्लेख है। मांग की है कि इस विशाल भूमि में काष्ठ कला उद्योग की इकाइयों को भी स्थान दिया जाए। साथ ही काष्ठ कला उद्योग के लिए कुछ भूमि सुरक्षित रखते हुए स्थानीय काष्ठ कला उद्यमियों को भी इसमें शामिल किया जाए।

### कॉमन फैसिलिटी सेंटर का मिले लाभ

काष्ठ कला उद्यमी खुर्शीद अहमद ने नगीना में सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर स्थापित किए गए कॉमन फैसिलिटी सेंटर की मशीनों का लाभ स्थानीय उद्यमियों को दिलाने की मांग की है। मशीनों से कम लागत पर उत्पादन संभव है, लेकिन अभी तक इसका संचालन शुरु नहीं होने से इसका अपेक्षित लाभ उद्यमियों को नहीं मिल पा रहा है। पत्र के माध्यम से सेंटर की मशीनों को जल्द चालू कराकर काष्ठ कला उद्योग को इसका लाभ दिलाने की मांग की है।

### टोल टैक्स से दी जाए राहत

नगीना-बिजनौर रोड पर कोतवाली और बिजनौर रोड के बीच टोल शुल्क लगाए जाने से व्यापारियों और आम लोगों को होने वाली परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगीना से बिजनौर का आवागमन व्यापार, सरकारी काम, न्यायालय और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी संख्या में लोगों को करना पड़ता है। ऐसे में बार-बार टोल टैक्स देना लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। पत्र में स्थानीय लोगों को टोल शुल्क से राहत देने की मांग की गई है।

# गर्मी, एसिडिटी और पित्त दोष के लिए आयुर्वेदिक समाधान

## प्राकृतिक तरीके - संतुलित शरीर - स्वस्थ जीवन





प्रकृति का उपचार, स्वस्थ जीवन का आधार

आयुर्वेद के अनुसार पित्त दोष अग्नि और जल तत्व से बना होता है। जब यह अधिक बढ़ जाता है तो शरीर में गर्मी, एसिडिटी, चिड़चिड़ापन, त्वचा पर समस्याएं, पसीना, सिरदर्द और अम्लता जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन सरल आयुर्वेद उपायों को अपनाकर पित्त दोष को संतुलित रखें।

### 1 धनिया बीज का पानी

- 1-2 चम्मच धनिया बीज रातभर एक गिलास पानी में भिगो दें।
- सुबह छानकर इसमें मिश्री मिलाएं और खाली पेट पीयें।
- यह शरीर की गर्मी, प्यास और एसिडिटी को कम करता है।



**शरीर को ठंडक और पित्त संतुलन देता है**

### 2 शीतल शंडाग

- शंडाग ( जड़ी-बूटियों: उशीर, परफाटक, चंदन, मुलेठी, नागकेसर, पक्षक ) को पानी में रातभर भिगोएं।
- सुबह छानकर पीयें
- यह शरीर को ठंडक देता है, पाचन सुधारता है और जलन कम करता है।



**गर्मी, जलन और चिड़चिड़ापन में फायदेमंद**

### 3 गुलकंद

- रोजाना 1-2 चम्मच गुलकंद दूध के साथ या अलग से लें।
- यह शरीर की गर्मी और मानसिक तनाव को कम करता है।
- पित्तजन्य समस्याओं जैसे जलन, अम्लता और एसिडिटी में लाभकारी है।



**मन का शांत करे और पित्त को संतुलित रखे**

### 4 सही तेल का उपयोग करें

- खाना बनाने के लिये नारियल तेल, देसी घी या ऑलिव ऑयल का उपयोग करें।
- सरसों तेल, तिल का तेल और बहुत गर्म प्रकृति के तेल पित्त को बढ़ा सकते हैं।




**नारियल तेल और देशी घी पित्त शांत करते है**

### 5 पित्त शांत करने वाले आहार लें

- ऐसे भोजन को अपनाएं जो शरीर को पोषण दे और ठंडक भी पहुंचायें।



लाल चावल | मूंग दाल | मौसमी फल | आंवला

**हल्का, पौष्टिक और प्राकृतिक आहार पित्त संतुलित रखता है**

### 6 नीम के पत्ते

- रोजाना सुबह 4-5 नीम पत्ते खाली पेट चबाएं।
- यह खून को शुद्ध करता है, त्वचा को स्वस्थ रखता है और पित्त से होने वाली समस्याओं जैसे मुंहासे, दाने दूर करता है।



**रक्त शुद्धि और त्वचा के लिये अमृत समान**

### 7 गिलोय पत्तों की सब्जी

- गिलोय ( गुड्ची ) के पत्तों की सब्जी या जूस बनाकर आहर में शामिल करें।
- यह प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ाता है, शरीर की गर्मी कम करता है और पित्त को संतुलित रखने में सहायक है।



**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए और पित्त शांत करें**

### अतिरिक्त सुझाव

- ठंडक देने वाले पेय जैसे नारियल पानी, छाछ, उशीर का पानी पीयें।
- तीखा, खट्टा, तला-भुना और बहुत मसालेदार भोजन से बचें।
- योग, प्रणायाम और ध्यान करें, तनाव से दूर रहें।
- पर्याप्त नींद लें और दिनचर्या नियमित रखें।

### पित्त दोष बढ़ने के लक्षण



शरीर में गर्मी और जलन | एसिडिटी और अम्लता | चिड़चिड़ापन और गुस्सा | त्वचा पर रैशेज/मुंहासे | अधिक पसीना और प्यास

### आयुर्वेद का संदेश

प्रकृति के साथ चलें, संयमित आहार लें,
मन को शांत रखें और जीवन को संतुलित बनाएं।
यही है पित्त दोष संतुलन का मूल मंत्र।

**प्रकृति के पांच तत्वों के साथ तालमेल ही सच्चे स्वास्थ्य की कुंजी है।**

# रोडवेज बसों में रही भीड़, डग्गामार वाहन चालकों ने वसूला मनमाना किराया

**धामपुर ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन पर्व पर घर जाने की जल्दी में रोडवेज बसों में बैठने के लिए यात्रियों के बीच मारामारी मच गई। शुक्रवार को अधिकांश बस स्टॉपेज पर राखी बांधने जा रही बहनों और यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी। हालात इतने खराब हो गए कि कई जगह यात्रियों को खिड़कियों से बसों में चढ़ना पड़ा। बस चालकों द्वारा स्टॉपेज पर बस न रोकने पर यात्रियों की चालक-परिचालक से जमकर नोंकझोंक भी हुई। वहीं रोडवेज की अव्यवस्था का फायदा डग्गामार वाहन चालकों ने उठाया और यात्रियों से दोगुना किराया वसूलकर जमकर चांदी काटी।

### बस स्टॉपेज पर उमड़ा जनसैलाब

**रक्षाबंधन के कारण धामपुर, स्योहारा, नूरपुर, चांदपुर, गजरौला, नजीबाबाद, बिजनौर और नहटौर मार्ग पर सुबह से ही यात्रियों का दबाव दिखा। धामपुर-नगीना चौराहे पर तो हालात सबसे ज्यादा खराब रहे। यहां बसों में खड़े होने तक की जगह नहीं बची। कई बहनें अपने परिजनों के साथ घंटों बस का इंतजार करती रहीं। जब बस आई तो उसमें चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की शुरू हो गई। कुछ यात्री तो खिड़कियों के रास्ते बस के अंदर घुसे।**

**चालक-परिचालक से हुई नोकझोंक:-** भीड़ अधिक होने के कारण कई चालक-परिचालकों ने स्टॉपेज पर बसें नहीं रोकीं। इससे गुस्साए यात्रियों ने हंगामा कर दिया। धामपुर बस स्टैंड पर यात्रियों और रोडवेज कर्मियों के बीच तीखी बहस भी हुई। यात्रियों का आरोप था कि सीटें फुल होने के बावजूद सवारियां ठूंसी जा रही हैं।




रोडवेज की अव्यवस्था के चलते परेशान यात्रियों ने मजबूरी में डग्गामार जीप, मैक्स और निजी वाहनों का सहारा लिया। डग्गामार चालकों ने इसका फायदा उठाते हुए सामान्य किराए से दोगुना तक वसूली की। यात्रियों का कहना था कि रोडवेज में जगह न मिलने से डग्गामार ही एकमात्र विकल्प बचा था।

### ट्रिपल चक्कर लगवाये

**बढ़ते दबाव को देखते हुए रोडवेज अधिकारियों ने गजरौला, चांदपुर और नूरपुर मार्ग पर बसों के ट्रिपल चक्कर लगवाए। वहीं अन्य कई रूटों पर भी दो-दो अतिरिक्त फेरे कराए गए। एआरएम अंकुर चौधरी का कहना है कि रक्षाबंधन के चलते यात्रियों का दबाव सामान्य दिनों से 3 गुना अधिक था। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसें चलाई गई और कई रूटों पर ट्रिपल चक्कर लगवाए गए। डग्गामार वाहनों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।**

## जैतरा के पास तालाब किनारे दो शावकों के साथ नजर आया गुलदार

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम जैतरा की आशीर्वाद कालोनी में रेलवे लाइन के पास तालाब किनारे दो शावकों के साथ गुलदार दिखने से इलाके में भय का माहौल है। वन विभाग को अवगत करा दिया गया है। लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गुलदार बस्ती के पास दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने गुलदार को अपने कैमरे में कैद कर वीडियो वायरल कर दी। जिससे हड़कम्प मच गया। वन विभाग से शीघ्र पिंजरा लगाने की मांग की गई है। उधर, नांगल सोती के समीपवर्ती ग्राम गोसपुर में गुलदार ने एक भेड़ को मार डाला। गांव निवासी कुन्दन सिंह अपनी भेड़ों को चराने के लिये नहर की पटरी पर ले गये थे। वहां एक गुलदार ने खेत से निकलकर एक भेड़ पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में गुलदार भेड़ को उठाकर खेत में ले गया। ग्रामीणों के आने पर गुलदार भेड़ को छोड़कर ईख में छिप गया।

## दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई जायेगी कल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** महाराजा दक्ष प्रजापति समिति चांदपुर के तत्वावधान में कल 30 अगस्त को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र- छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर सिंह प्रजापति होंगे। यह जानकारी देते हुए डा. सुशील कुमार दक्ष ने बताया कि कल सुबह 8 बजे नूरपुर रोड स्थित श्री सागर से महाराजा दक्ष प्रजापति विशाल रैली निकाली जाएगी, जो जलीलपुर रोड स्थित सौभाग्य गार्डन पहुंचेगी, जहां पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान बाबी होंगे।


डा. सुशील कुमार दक्ष

# कोतवाली देहात में नाला बना जी का जंजाल

### इमरान कुरैशी ने जिलाधिकारी से समस्या के समाधान की मांग की

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोक दल के युवा जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य पति इमरान कुरेशी जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिले और गांव की समस्या से अवगत कराते हुए एक प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में इमरान कुरैशी ने बताया कि कस्बा कोतवाली देहात, जनपद बिजनौर में लगभग 720 मीटर लंबा ओवरब्रिज निर्माणाधीन है, जो AN-44 से होता हुआ NH 709 से NH-734 तक जुड़ रहा है। हरिद्वार से बुलंदशहर कावड़ मार्ग भी है।ओवरब्रिज निर्माण के कारण क्षेत्र के ग्रामवासियों एवं स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ओवरब्रिज के दोनों ओर जल निकासी के लिए बनाए जा रहे नालों का निर्माण उचित ढंग से नहीं किया गया है। कहीं नाले की गहराई लगभग 5 फीट, कहीं 2 फीट तथा कहीं लगभग 7 फीट है। नालों की उचित ढाल एवं समुचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण बरसात के समय पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।



जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुये इमरान कुरैशी।

जब स्थानीय जिम्मेदार लोगों द्वारा ओवरब्रिज निर्माण से संबंधित अधिकारियों से इस समस्या के संबंध में वार्ता की गई थी, तब अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाएगी तथा सड़क पर आवश्यक स्थानों पर वाटर बॉक्स/जल निकासी की व्यवस्था बनाई जाएगी। परंतु अब ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने को है, इसके बावजूद जल निकासी की समस्या का उचित समाधान नहीं किया गया है। वर्तमान स्थिति यह है कि बरसात होने पर सड़क एवं आसपास के रास्तों पर लगभग दो-दो फीट तक पानी भर जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे स्कूली बच्चों को आने-जाने में अत्यधिक परेशानी होती है तथा बुजुर्गों, महिलाओं एवं अन्य राहगीरों को भी निकलने में कठिनाई होती है। साथ ही, जलभराव एवं निर्माण स्थल की स्थिति के कारण किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। ओवरब्रिज निर्माण के दौरान भी दो गाडर गिरने की घटना हो चुकी है, जिससे निर्माण कार्य की सुरक्षा एवं स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ गई है। मुख्य चौक पर दोनों और रोड का पानी नालो में नहीं जाता है। रोड पर ही कई कई दिन तक जमा रहता है जिससे बीमारी की भी आशंका बानी रहती है।

## वोट बनवाने के लिये, शिक्षकों को फार्म दिये




**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष नाजिम खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के अनेक स्कूलों में जाकर जिन शिक्षको के वोट नहीं बने,उन शिक्षकों को फार्म देने के साथ ही शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर के लिए वोट मांगे। नगर अध्यक्ष नाजिम खान के साथ बहार आलम, पूर्व प्रधान नफीस सैफी व नईम अहमद ने विवेकानन्द इंटर कॉलेज दरबाडा, अमित ज्ञानदीप इंटर कॉलेज चांदपुर तथा ए.एच आईटीआई कॉलेज दरवाड़ा में वोट बनवाने के लिए फार्म वितरित किए तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा शिक्षकों के लिए जारी किय गये घोषणा पत्र को भी शिक्षकों में वितरित किया।

# भाई-बहन का प्यार है अनमोल रक्षाबंधन पर खुशनुमा रहा माहौल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में रौनक रही और घर-घर में त्योहार का उल्लास झलकता रहा। बहनों ने थाल सजाकर उसमें राखी, अक्षत, रोली और मिठाई रखी तथा भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और हर संकट से रक्षा की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार व शगुन देकर उनके उज्ज्वल भविष्य का संकल्प व्यक्त किया। मिठाइयों की खुशबू और पारिवारिक मिलन के इस माहौल ने पूरे दिन को विशेष बना दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर मेल-मिलाप और भाईचारे का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।


भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन।

# महिला कांस्टेबलों से राखी बंधवाकर मनाया रक्षाबंधन

## थानाध्यक्ष सुनील सेहरावत को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित





**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोतवाली देहात इकाई के पदाधिकारियों ने अनूठी पहल करते हुए थाना कोतवाली देहात में तैनात महिला कांस्टेबल बहनों से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने महिला पुलिसकर्मियों को उपहार भेंट कर उनके प्रति भाई का स्नेह और सम्मान प्रकट किया।

कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में भाई-बहन के प्रेम और आत्मीयता का माहौल दिखाई दिया। महिला कांस्टेबल बहनों ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस विभाग में तैनात महिला कांस्टेबल बहनें अपने परिवार से दूर रहकर भी दिन-रात समाज की सुरक्षा में जुटी रहती हैं। त्यौहारों पर भी वह अपनी ड्यूटी को प्राथमिकता देती हैं। ऐसे में उनके साथ रक्षाबंधन मनाकर उन्हें परिवार जैसा अपनापन और सम्मान देने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कोतवाली देहात के थानाध्यक्ष सुनील सेहरावत कस्बा इंचार्ज रमेश गिरि को भी सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा उपहार भेंट कर सम्मान प्रकट किया। पदाधिकारियों मुख्य रूप से जिला प्रभारी सत्यकाम विश्नोई, नगर अध्यक्ष अरविंद बिश्नोई, नगर महामंत्री नसीम शमसी, युवा नगर अध्यक्ष शाहरुख मलिक, शहबाज आलम अंसारी, जीवनवर्मा, अनिल विश्नोई उर्फ गुड्डू, यूसुफ इदरीसी, शुभम जैन, सचिन विश्नोई, उर्फ पिंकू आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर रहा रश बसें भरी रहीं ठसाठस

**पैजनिया ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन का त्यौहार यहां तथा आसपास के क्षेत्र में परम्परागत रूप मनाया गया। इस दौरान बहनों ने अपने भाईयों से रक्षा का वचन लेकर उनकी कलाई पर प्यार की डोर बांधीं। स्थानीय चौराहे पर वाहनों की कतार लगी रही। रोडवेज बसों में महिलाओं ने फ्री में सफ़र किया। इस दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर अतिरिक्त बसें चलाई थीं, जिनमें ठसाठस भीड़ के बीच महिला यात्रियों ने सफ़र किया।

## उत्साहपूर्वक मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

### सब जगह रौनक रही बेशुमार



बाज़ार में राखी की दुकान पर लगी खरीदारों की भीड़।



भाइयों की कलाई पर राखी बांधतीं बहन।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बहन-भाई के अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन उत्साह और हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के हाथ में राखी बांध व तिलक कर लम्बी उम्र की कामना की और भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किये।

परसों शाम से बहनों के भाइयों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। लोगों ने जमकर मिठाई, राखी, गिफ्ट व अन्य सामानों की खूब खरीदारी की। बाज़ार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने से रौनक का माहौल बना रहा। शुक्रवार को सुबह से ही क्षेत्र में उत्साह और चहल-पहल नजर आयी। महिलाओं और कन्याओं ने उपवास रखे और रक्षाबंधन पूजन कर भाइयों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। वहीं भाइयों द्वारा बहनों को उपहार भेंट कर रक्षा का संकल्प लिया गया। दिनभर बहनों का भाइयों के घर आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। नगर के बस स्टॉप पर रोडवेज बस कम रूकने के कारण यात्रियों को अन्य वाहनों में सफर करना पड़ा, जिस कारण वाहनों में भारी भीड़ रही और सवारियों को इधर-उधर भटकना पड़ा। टैम्पो स्टेंड, हरेवली चौराहे, मुख्य बाजार आदि स्थानों पर लगाई गई मिठाई, राखी, गिफ्ट आदि की काफी संख्या में दुकानों पर खरीदारों की काफी भीड़ रही। इस पावन पर्व पर काफी हिंदू महिलाओं और युवतियों (बहनों) ने मुस्लिम भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर आपसी सौहार्द को मजबूत किया।

## रक्षाबंधन पर रही धूमधाम दिन भर लगा रहा जाम



**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने उपवास रखकर भाइयों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। सारा दिन सड़कों पर जाम की स्थिति रही। शुक्रवार को महिलाओं एवं कन्याओं ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद बहनों ने उपवास रखकर भाइयों की लंबी आयु की प्रार्थना की उनकी कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन के अवसर पर हल्दौर चौराहे और झालू चौराहे पर छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन अधिक रहने के कारण कई बार जाम की स्थिति बनी। जाम खुलवाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कोतवाल अवतार किशन सहित उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी पर तैनात रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## खूब बिकीं चांदी की राखियां



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और राखी बांधी। भाइयों की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना की गई। भाइयों ने बहनों को उपहार दिए और रक्षा तथा सहयोग का संकल्प लिया। घरों में पकवान और मिठाई बनाई गई। इस बार रक्षासूत्र के साथ चांदी की राखियों का भी खूब चलन रहा।

## आकर्षण का केन्द्र रही तिरंगा राखी



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में रक्षाबंधन पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सुंदर-सुंदर राखियां बनाईं। प्रतियोगिता में कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 10 तक के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने अपने हाथों से रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां बनाकर सभी का मन मोह लिया। छोटी कक्षाओं के बच्चों द्वारा बनाई गई तिरंगा राखी और फूलों वाली राखी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत एवं शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेमभावना और रचनात्मकता का विकास होता है।

रक्षाबन्धन की हार्दिक शुभकामनाएँ
हस्तरेखा | वास्तु | अंक ज्योतिष मार्ग दर्शन
अपनी समस्याओं :-
व्यावसायिक, आर्थिक, पारिवारिक, प्रेम-प्रसंग, वैवाहिक, पति-पत्नी में कटुता, संतान, शारीरिक-मानसिक कष्ट, शिक्षा, प्रतियोगिता, वाद-विवाद, पदोन्नति आदि समस्याओं के ज्योतिषीय समाधान।
भाग्य उन्नति-कार्यसिद्धि व सफलता में सहायक रत्न एवं अन्य सरल उपाय की जानकारी के लिए सम्पर्क करें-
विमल जैन
हस्तरेखा-अंक ज्योतिष विशेषज्ञ, वास्तुशास्त्र व रत्न परामर्शदाता
एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (आकांक्षा हास्पिटल के निकट), भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ० प्र०)
मो० : 9335414722

# पूरी तरह फेल है भाजपा सरकार आम आदमी का जीना दुश्वार

## पीडीए पंचायत में मांगेराम कश्यप ने व्यक्त किये विचार



पूर्व मंत्री का स्वागत करते पंकज अग्रवाल

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत में पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप ने महंगाई और भ्रष्टाचार पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि इस सरकार में आम आदमी का जीना दुश्वार हो गया है। प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ही लोगों को राहत मिलेगी।

स्थानीय बड़ा शिव मंदिर में समाजवादी पार्टी से बढ़ापुर सीट से टिकट के दावेदार लाला पंकज कुमार अग्रवाल द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप ने पीडीए पंचायत में बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में हो रही बेतहाशा महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है। अच्छे दिनों का वादा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार ने लोगों को महंगाई, भ्रष्टाचार और नफ़रत के जाल में फंसाकर बुरे दिन गुजारने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने पीडीए पंचायत में मौजूद कश्यप समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने कश्यप समाज को हमेशा सम्मान दिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंकज कुमार अग्रवाल ने कहा कि बढ़ापुर क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए वह समाजवादी पार्टी से टिकट की मांग कर रहे हैं। वह लगातार क्षेत्र में पीडीए पंचायत कर क्षेत्रवासियों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। पीडीए पंचायत के माध्यम से इसके नतीजे भी सामने आ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं। अगर उन्हें टिकट होता है तो वह बढ़ापुर सीट जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशरण कश्यप ने की, जबकि संचालन भूर सिंह ने किया। पीडीए पंचायत में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हनी फैसल,सपा जिला पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष वीके कश्यप, पूर्व प्रत्याशी कपिल गुर्जर ने भी अपने विचार रखे। पंचायत में भारत सिंह कश्यप, कृपाल सिंह कश्यप, विक्रम सिंह कश्यप, छत्रपाल सिंह कश्यप, पवन सिंह कश्यप सहित कश्यप समाज के सैकड़ो व्यक्ति मौजूद रहे।

### पिता की साफ-सुथरी छवि का लाभ

**कार्यक्रम के आयोजक लाला पंकज कुमार अग्रवाल काफी समय से क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए गांव-गांव जाकर पीडीए पंचायत कर रहे हैं। उनके पिताजी व नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय लाला नरेंद्र कुमार अग्रवाल बढ़ापुर क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम समाज में अपनी मजबूत पकड़ रखते थे। वह दोनों समाज के सर्वमान्य नेता थे। उनकी साफ स्वच्छ छवि के चलते समाजवादी पार्टी से टिकट के दावेदार पंकज कुमार अग्रवाल को इसका लाभ मिल रहा है।**

# छोटा हाथी से बाइक टकराई दो घायल, एक ने जान गंवाई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नांगल-मंडावली मार्ग पर जालपुर के ईंट-भट्टे के समीप छोटा हाथी तथा बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन व्यक्ति घायल हो गये। बेहद गंभीर रूप से घायल हुए बाइक चालक की उपचार के लिये मेरठ ले जाते हुए मृत्यु हो गई। शुक्रवार को एक छोटा हाथी संख्या यूपी 20 एटी-2389 का चालक मोहसिन पुत्र शौकीन निवासी ग्राम फुलसंदा थाना नहटौर, नांगल क्षेत्र के ग्राम जालपुर में स्थित गौशाला में कुछ पशुओं को पहुंचाकर वापस मंडावली की ओर जा रहा था, जबकि बाइक सवार मोंटी (22 वर्ष) पुत्र विजेन्द्र निवासी ग्राम गजरौला शिव, थाना बिजनौर एवं ऋतिक (18 वर्ष) पुत्र मुकेश निवासी ग्राम शम्भा बाजार, कस्बा व थाना मंडावर, मंडावली से नांगल की ओर जा रहे थे। नांगल-मंडावली मार्ग पर जालपुर के ईंट-भट्टे के समीप उक्त छोटा हाथी ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद छोटा हाथी पलट गया। तीनों व्यक्ति घायल हो गये। तीनों को मंडावली स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाइक सवारों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बिजनौर के लिये रैफर कर दिया गया। मोंटी की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बिजनौर से मेरठ रैफर किया गया था। मेरठ ले जाते हुए रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। उधर ऋतिक के पिता ने बताया कि उसके एक पैर की हड्डी पूरी तरह टूट गई है, उसे बिजनौर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जबकि छोटा हाथी चालक मोहसिन (35 वर्ष) के हाथ में भी फ्रैक्चर बताया जाता है, वह मंडावली में ही भर्ती है। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि मृतक के पिता विजेन्द्र सिंह की तहरीर पर छोटा हाथी के चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।




# मोटर साइकिल डिवाइडर से टकराई एक भाई घायल, दूसरे ने जान गंवाई

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** बीती रात नजीबाबाद-कोतवाली देहात हाईवे पर एक बाइक के डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जनपद लखीमपुर खीरी के ग्राम बेलपरसुआ निवासी मंजय कुमार व अखिलेश कुमार पुत्रगण लक्ष्मण प्रसाद बाइक से हरिद्वार जा रहे थे। नजीबाबाद-कोतवाली देहात के बीच ग्राम सिकंदरपुर के पास उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को पीएचसी कोतवाली देहात पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मंजय कुमार (25 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। घायल अखिलेश कुमार (22 वर्ष) को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

# एआई जनरेटेड फोटो को वायरल कर सनसनी फैलायी


गुलदार का एआई जनरेटेड फोटो

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शरारती तत्वों ने एआई जनरेटेड फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करके जालपुर में भरी दोपहर एक घर के सामने गुलदार के बैठे होने की अफवाह फैला दी। दावा किया गया कि गुलदार अपराहन लगभग दो बजे गांव के उत्तरी छोर पर स्थित त्रिवेन्द्र अहलावत उर्फ छोटू के घर के सामने बैठा था। उस समय घर का दरवाजा बंद था। घर के सामने जंगल होने के कारण गृह स्वामी को भी इसका यकीन हो गया। कुछ ही समय में यह अफवाह पूरे गांव सहित आसपास के गांवों में भी फैल गई। यह फोटो 'चिंगारी' तक भी पहुंचा। 'चिंगारी' ने जागरूक ग्रामीणों के साथ इसकी पड़ताल की, तो फोटो एआई जनरेटेड निकला। एक तरफ लोग गांव-गांव गुलदारों के दिखाई देने और उनके हमलों से परेशान हैं , तो दूसरी तरफ शरारती तत्व लोगों में बेवजह भय पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को किया गया नमन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एलआरडी एसवीएम इंटर कॉलेज, मण्डावर, बिजनौर (द कैंब्रिज) में हॉकी के जादूगर एवं महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर खेल भावना, अनुशासन और उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। विद्यालय की वन्दना वेला में आचार्य महकार सिंह ने छात्र-छात्राओं को हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जीवन एवं उनकी अद्वितीय खेल उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, जिसके माध्यम से खेलों के महत्व एवं स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से शरीर स्वस्थ, मन प्रसन्न एवं व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। खेल दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजक खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।



# जमाखोरी के कारण बढ़े थे चीनी के दाम

## मिलों की जांच में खुलासा

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सरकार ने शुक्रवार को दावा किया कि हाल में चीनी की कीमतों में तेज वृद्धि का कारण जमाखोरी थी और जांच के दौरान कई मिलों में घोषित स्टॉक से ज्यादा भंडार पाया गया। सरकार ने कहा है कि उसकी सक्रियता के कारण अब मिलों से मिलने वाली चीनी की कीमत 20 प्रतिशत कम हो गयी है और जल्द ही इसका असर खुदरा बाजार पर भी दिखने की उम्मीद है।



उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जन वितरण मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि देश में चीनी का पर्याप्त भंडार है और पिछले दिनों कीमतों में देखी गई तेजी मुख्य रूप से जमाखोरी और सट्टेबाजी के कारण हुई थी। सरकार देश भर में चीनी की कीमतों, स्टॉक और बिक्री पर बारीकी से नजर रख रही है। सरकार ने बताया कि कई मामलों में चीनी मिलों के पास सरकार को दिये गये मासिक रिटर्न में घोषित स्टॉक से अधिक भंडार पाया गया। जांच से पता चला है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और घबराहट में ज्यादा खरीद करने या ज्यादा भंडारण करने का कोई औचित्य नहीं है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ मामलों में चीनी मिलें महीने के कोटे के तहत उन्हें दी गयी मात्रा से कम चीनी बेच रही थीं। इस तरह के तरीकों से काफी भौतिक भंडार होने के बावजूद बाजार में आपूर्ति में बेवजह रुकावट आती है।

सरकार ने पाया है कि कुछ मामलों में मिलों द्वारा महीने की शुरुआत में बेची गयी चीनी को खरीददार महीने के आखिर में ही भेज या उठा रहे थे। इस तरीके से बाजार में बनावटी कमी पैदा हुई। ऐसी समस्याओं को हल करने और यह पक्का करने के लिए कि चीनी समय पर बाजार तक पहुंचे, सरकार ने सितंबर से मौजूदा महीने के कोटा सिस्टम की जगह हर दो सप्ताह में चीनी आवंटन प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है।

मिलों को पहले सप्ताह में आवंटित चीनी का कम से कम 40 प्रतिशत बेचना होगा, जबकि शेष चीनी दूसरे सप्ताह में बेचनी होगी। इससे सरकार को बाजार में उपलब्धता पर बेहतर नियंत्रण मिल सकेगा। साथ ही पहले ही यह तय कर दिया गया है कि अब बिक्री के सात दिन के अंदर चीनी भेजनी होगी। उल्लेखनीय है कि चीनी की कीमतों में पिछले कुछ समय में तेज वृद्धि देखी गयी। खुदरा बाजार में 45 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास बिकने वाली चीनी 65 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी थी। गुरुवार को भी देश भर में इसकी औसत कीमत 64 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। थोक बाजार में भी इसकी औसत कीमत पहली बार 60 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी थी। मंत्रालय ने कहा है कि मिलों से सस्ती चीनी मिलने के बाद अब खुदरा बाजार में भी कीमतों में नरमी आने लगी है। उसने कहा है कि खुदरा कीमतों में भी जल्द ही गिरावट के इस रुझान के दिखने की उम्मीद है।

## चीनी कुछ सस्ती हुई, अन्य जिंसों के दाम बढ़े

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चीनी की कीमतों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही, हालांकि अन्य जिंसों के दाम बढ़ गये। मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 5,935 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। वहीं, गुड़ 128 रुपये महंगा होकर 6,088 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत 23 पैसे घटकर 64.10 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 54 रुपये बढ़कर 4,171 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 24 रुपये महंगा हुआ और 2,861 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 40 रुपये बढ़ गया। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 150 रुपये बढ़ गयी। मूंग दाल 87 रुपये और तुअर दाल 75 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव 37 रुपये चढ़ गया। वहीं, मसूर दाल सात रुपये सस्ती हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 74 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,890 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.26 प्रतिशत चढ़कर 70.06 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजार में आज सरसों तेल 77 रुपये और वनस्पति 72 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 58 रुपये और पाम ऑयल की 38 रुपये बढ़ गयी। मूंगफली तेल भी 24 रुपये चढ़ा। वहीं, सोया तेल 71 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया।**

## भारतीय खेल दिवस पर आरजेपी में हुई विचार गोष्ठी

**बिजनौर (चिंगारी)।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में एनएसएस दोनों इकाई द्वारा प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश पटेल के संचालन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को हम सभी मनाते हैं। मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहा जाता है। खेलों से छात्रों का शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास होता है। भारत की युवा शक्ति खेलों से अपने जीवन में जोड़ना चाहिए, जिससे युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व जैसे गुणों को बढ़ावा देता है। खेलों से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार ने कहा कि एनएसएस के द्वारा स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। कार्यक्रम अधिकारी अतुल कुमार रस्तोगी जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, चंद्रहास सिंह, तेजपाल सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।




## भारत की नज़र एशिया कप में अपना रिकॉर्ड आठवां खिताब जीतने पर




**दुबई (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम 2026 महिला एशिया कप में अपना खिताब फिर से जीतने की कोशिश करेगी। यह टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 28 अगस्त से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। हरमनप्रीत कौर एक बार फिर भारतीय टी 20 टीम की कप्तानी करेंगी और स्मृति मंधाना उनकी डिप्टी (उप-कप्तान) होंगी। स्टार बल्लेबाज़ जेमिमा रोड्रिग्स चोट के कारण टीम का हिस्सा नहीं हैं, जो टीम में उनकी कमी को सबसे ज्यादा महसूस कराएगी। 2026 महिला एशिया कप के लिए कुल आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान, हांगकांग चीन और थाईलैंड के साथ ग्रुप ए में हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच बड़ा मुकाबला 5 सितंबर को होगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने अभियान की शुरुआत 30 अगस्त को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और इसके बाद 3 सितंबर को हांगकांग, चीन का सामना करेगी। आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है और हर ग्रुप की टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल 10 और 11 सितंबर को खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 13 सितंबर को होगा। 2004 में शुरू होने के बाद से ही महिला एशिया कप में भारत का दबदबा रहा है और सात खिताबों के साथ यह टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम है।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर रालोद कार्यालय में मनाया गया खेल दिवस

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप ने कहा कि मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर के रूप में पूरी दुनिया में प्रसिद्ध थे। उनके जीवन, संघर्ष और खेल के प्रति समर्पण




से आज के युवाओं और खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों से मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौ. जयंत सिंह खिलाड़ियों और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी, खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शमीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र सिंह, सभासद चौधरी अमन सिंह, क्रिकेट कोच परोपकार सिंह सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# अंकिता भण्डारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला कैंडल मार्च



अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड की बेटी एवं बहन अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाला और अंकिता के लिए न्याय की आवाज बुलंद की।

कैंडल मार्च कांग्रेस कार्यालय से आरंभ होकर बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए झंडा चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान हाथों में जलती मोमबत्तियां लिए लोगों ने अंकिता भंडारी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और न्याय की मांग की। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि जब देशभर की बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधेंगी, तब उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को याद करना भी हम सभी का दायित्व है। कहा कि उसे सच्ची श्रद्धांजलि उस दिन मिलेगी, जब उसे न्याय मिलेगा और उसके साथ अन्याय करने वाले दोषियों को कानून के अनुसार कठोर एवं उचित सजा मिलेगी। कहा कि अंकिता भंडारी किसी एक परिवार की बेटी नहीं थी, बल्कि पूरे उत्तराखंड की बेटी थी। उसकी पीड़ा और उसके परिवार की न्याय की प्रतीक्षा को हम भूल नहीं सकते। जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलता, तब तक उसकी आवाज को जीवित रखना और न्याय की मांग उठाते रहना हमारी जिम्मेदारी है। कैंडल मार्च में शामिल अन्य लोगों ने भी अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि न्याय की यह लड़ाई केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अंकिता भंडारी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और न्याय मिलने तक अपनी आवाज बुलंद रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, प्रदेश सचिव विजय रावत,पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ चंद्रमोहन खर्कवाल, पूर्व राज्य मंत्री विजय नारायण सिंह, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सुधा असवाल, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष बृजपाल सिंह नेगी और पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस अमित राज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन और नागरिक शामिल रहे।

# नेपाल की आपदा में जान गंवाने वालों को पूर्व सैनिकों ने दी श्रद्धांजलि

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने नेपाल में आई आपदा से हुई तबाही पर गहरी चिंता व्यक्त की है। कहा कि नेपाल में अचानक बढ़े नदियों के जल स्तर से भारत के कुछ राज्यों के भी प्रभावित होने की आशंका है, इसलिए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

इस संबध में अपर बालाबड़ स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इस आपदा से नेपाल में 350 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 1,300 से अधिक लोग लापता हैं, जिनमें कई विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। भारत में भी कई राज्य नदियों के किनारे बसे हुए हैं। इस तरह के संभावित खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार को उन राज्यों की सरकारों को पूर्व में ही सचेत कर देना चाहिए। अंत में आपदा में जान गंवाने वालों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में परिषद अध्यक्ष देवेंद्र नेगी, बलवान सिंह रावत, अनूप बिष्ट, संजय असवाल, विरेन्द्र सिंह रावत, नरेन्द्र सिंह रावत और गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।


# सामाजिक क्षेत्र में दिया योगदान, किशोर ह्यूमन का होगा सम्मान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से पिथौरागढ़ निवासी समाज सेवी किशोर ह्यूमन को कर्मवीर जयानंद भारतीय स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें सामाजिक सरोकारों, न्याय, समानता और जनहित के क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास आर्य ने बताया कि मूल रूप से ग्राम एवं पोस्ट झूलाघाट, जिला पिथौरागढ़ निवासी किशोर ह्यूमन वर्तमान में लिंथोड़ा, सिल्थाम, पिथौरागढ़ में रहते हैं। जहां वह लगातार समाज सेवा में जुटे हैं। समाज के लिए उनके द्वारा दिए गए योगदान को देखते हुए ही संगठन द्वारा उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। बताया कि यह सम्मान उन्हें 6 सितंबर को कोटद्वार में आयोजित होने वाले 9वें शैलशिल्पी पराक्रम दिवस समारोह में प्रदान किया जाएगा।

# एमवीएम में हुई राखी ड्राइंग एवं मेकिंग प्रतियोगिता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन के अवसर पर विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राखी ड्रॉइंग एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कल्पनाशीलता और कला-कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों के लिए राखी ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 1 से देवांश गैरोला एवं कक्षा 2 से अदिति ध्यानी ने अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 3 से 8 के विद्यार्थियों के लिए राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा 3 से 5 वर्ग में युगांत असवाल तथा कक्षा 6 से 8 वर्ग में सौरभ सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्य संजीव पांडेय ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# रक्षाबंधन का पर्व मनाया



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार और आसपास के गांवों में प्रेम, पवित्रता और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। भाई और बहन के पवित्र रिश्ते की डोर को और मजबूत करने के लिए बहनों ने भाइयों की कलाई में राखी बांधी तो भाइयों ने भी बहन को रक्षा का वचन दिया। भाइयों ने बहनों को दक्षिणा और आकर्षक उपहार देकर जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन दिया। वहीं विवाहित बहनों ने भी मायके पहुंचकर अपने भाइयों को राखी बांधी, जिससे पूरे परिवार में उत्सवी माहौल बना रहा। छोटे बच्चों में इस त्यौहार के प्रति विशेष उत्साह नजर आया।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# अंगदान से नया जीवन, नेत्रदान से रोशनी मिलती है - प्रतिभा

## रोटरी क्लब ने चलाया अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से किये जाने वाले कार्यक्रमों के अंतर्गत वर्तमान में नेत्रदान एवं अंगदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में नेत्रदान संबंधी जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया जिसके अन्तर्गत नगर क्षेत्र में नेत्रदान के लिए प्रेरित करते बैनर लगाये गए।

बद्रीनाथ मार्ग स्थित डॉ. विजय मैठाणी क्लीनिक में आयोजित जागरूकता अभियान का शुभारंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर उन्होंने नेत्रदान एवं शरीर के विभिन्न अंगों के दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंगदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन और नेत्रदान किसी दृष्टिहीन व्यक्ति को रोशनी प्रदान कर सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने का आह्वान किया। वहीं अभियान के निदेशक विपिन बख्शी ने कहा कि क्लब की ओर से सेमिनार और रैलियों के माध्यम से आम जन को नेत्र व अंगदान के लिए प्रेरित किया जायेगा। तत्पश्चात नगर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर लगाए गए। इस अवसर पर क्लब सचिव बीना रावत, अनीत चावला, अनिल कुमार भोला, गोपाल बंसल, डीपी सिंह, संजीव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल और विजय कुमार माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई जायेगी गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती



**नैनीताल ( चिंगारी )।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 139वीं जयंती इस वर्ष 10 सितंबर को मनाई जायेगी।

इस मौके पर नैनीताल सहित कुमाऊं अंचल में पंडित जी की जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। नैनीताल में भी जयंती कार्यक्रम को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम व चित्र प्रदर्शनी के साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत समारोह समिति के मुख्य संयोजक ललित भट्ट ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंडित जी की जयंती को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए राजेश कुमार, शंकर पाण्डे व राकेश डोभाल सहित कई लोग तैयारियों में जुटे हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# राखी बांधने जा रही पूर्व प्रधान की पुत्री की बाइक से गिरकर मौत

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन के दिन अपने भाई को राखी बांधने जा रही मोटाढाक के पूर्व प्रधान मनमोहन दुदपुड़ी की पुत्री की बाइक से गिरकर मौत हो गई। पूर्व प्रधान की विवाहित पुत्री की मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया। कोटद्वार के किशनपुर से अपने भाई अनुराग को नजीबाबाद के गांव मोटाढाक में राखी बांधने आई 34 वर्षीय अनामिका की बाइक से गिरकर मौत हो गई। अनामिका अपनी ससुराल किशनपुर से मोटाढाक अपने भाई अनुराग को राखी बांधने आई थी। अनुराग को राखी बांधने के बाद वह कोटद्वार के गांव जौनपुर अपने 55 वर्षीय फुफेरे भाई जगदंबा को राखी बांधने अनुराग के साथ बाइक से जा रही थी। जगदंबा को फालिज है, वह चलने फिरने में असमर्थ है। अनामिका भाई अनुराग की बाइक पर बैठी थी। शुक्रवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे बीएल संपर्क मार्ग पर अचानक गड्ढे से बाइक अनियंत्रित हुई जिससे अनामिका गिर गई। कोटद्वार के जिला चिकित्सालय पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पूर्व प्रधान की पुत्री की मौत से उनके परिवार में मातम छा गया। ग्रामीणों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## रिश्तेदारी में आए युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** रिश्तेदारी में नजीबाबाद आए एक व्यक्ति की रेलवे ट्रैक पार करते समय पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम रावली निवासी नरेश कुमार (36 वर्ष) पुत्र रामप्रसाद नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम समीपुर में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। बताया गया कि बुधवार की शाम वह समीपुर के पास स्थित रेलवे ट्रैक को पैदल पार कर रहा था। इसी दौरान कोटद्वार की ओर से आ रही पैसेंजर ट्रेन की टक्कर लगने से नरेश कुमार गंभीर रूप से घायल होकर रेलवे ट्रैक के पास गिर गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नजीबाबाद थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक विपिन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल को संभाला, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

## रम्पुरावासियों ने सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी को दिया समर्थन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला रम्पुरा में सपा नेता हाजी रफ़ीक़ अंसारी के समर्थन में आयोजित बैठक में मोहल्ले के बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। बैठक की सदारत हाजी निसार एवं संचालन डॉ. सईदुर्रहमान ने किया। बैठक के दौरान मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर हाजी रफ़ीक़ अंसारी के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है तथा अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता समाजवादी विचारधारा व पार्टी के साथ मजबूती से खड़ी है। इस मौके पर अबरार अंसारी, सुल्तान एड., हाजी ज़ाकिर, मास्टर ज़ियाउद्दीन अंसारी, पूर्व इंस्पेक्टर नईम अंसारी, नौशाद ख़ान, हाजी सुबहान, नईम अहमद आदि ने हाजी रफ़ीक़ अंसारी के समर्थन में अपने अपने विचार व सुझाव दिए। बैठक में अंसारी बिरादरी के सदर हाजी अनीस ठेकेदार, नायब सदर हाजी इरफान अंसारी, मुंशी रईस अहमद, शरीफ ठेकेदार, दिलशाद अंसारी, फ़िरासत कप्तान, शहज़ाद अंसारी, हफ़ीज़ अब्बासी, इस्माइल अब्बासी, शरफुद्दीन अहमद, इरफान मंसूरी, ज़ुबैर सिद्दीकी, वसीम, ज़ीशान, शमीम, डॉ. अज़ीम, वसीम अहमद, मौ. शाकिर आदि मौजूद रहे।

## हवन में आहुति देकर व कन्या पूजन कर वार्षिक उत्सव का समापन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के सुराही बाजार स्थित प्रजापति शिव मंदिर पर महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा श्रावण मास में प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में होने वाले भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक का विधि पूर्वक हवन में आहुति देकर एवं कन्या पूजन कर समापन किया गया। महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा कन्याओं व पुरोहित को भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा भेंट की गई। इसके उपरांत सभी शिव भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों ने अपने परिवार व विश्व में सुख शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, आदित्य अग्रवाल, हर्ष शर्मा, प्रदीप कुमार, अमित चौहान, सागर कुमार, आयुष्मान चंद्रा, रंजन राजपूत, तरुण प्रजापति, अभिनव अग्रवाल, गोपाल, अर्पित चौहान, शानू, आकाश भटनागर, विपिन कश्यप, रोहित अग्रवाल, ऋषभ कुमार, पुलकित बिश्नोई, तुषार अग्रवाल, हरि ओम, हनी, दीपक, राजेश आदि मौजूद रहे।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423




Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर